नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 241 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 26 जून 2023

पेज -4 पर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को बनाया बीमारू राज्य -ओपी चौधरी'

कंवलजीत सिंह कोमल ने कांग्रेस की सदस्यता से दिया इस्तीफा, दोनों परिवार .... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

# उत्कृष्ट शिक्षा के लिए पहले दिन से ही पहल करें: मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 26 जून से शुरू हो रहें नए शिक्षा सत्र और शाला प्रवेशोत्सव के पावन अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ, शाला प्रवेशोत्सव को सार्थक बनाते हुए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षा दान के कार्य में पूरे समर्पण के साथ जुट जाएंगे। आप और हम सब मिलकर शिक्षित छत्तीसगढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पिछले वर्ष राज्य में 5173 बालवाड़ियां प्रारंभ की गई थी, इस वर्ष 4318 बालवाड़ियां और खोली जा रही है, अब इनकी संख्या बढ़कर 9491 हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों का स्वागत और अभिनंदन किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और आमजनों से अनुरोध किया है कि शाला प्रवेश के दिन अपने नजदीक के विद्यालय में जाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाएं और समय-समय में स्कूल जाकर शिक्षकों के साथ शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को



सुधारने में लगातार सहयोग भी करें। इस वर्ष स्कूल खुलते ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश इत्यादि प्रदान करने तथा कक्षा नवमीं में प्रवेश

**इस वर्ष 4 हजार 318 खोली जा रही है बालवाड़ियां**

**बच्चे पढ़ेंगे स्थानीय बोलियों में**

**प्रदेश में 20 भाषा-बोलियों में द्विभाषी पुस्तकें तैयार**

लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही हमें शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षा के प्रति जन-जन का लगाव बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए सभी व्यवस्थाएं स्कूल खुलने के पहले दिन से ही सुनिश्चित हों।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिन्दी माध्यम के 350 स्कूल शुरू किए गए हैं। इन विद्यालयों की लोकप्रियता निजी स्कूलों से भी कहीं बेहतर है। हमारी सरकार ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा सीखाने पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके। वहीं दूसरी ओर हमने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा स्थानीय बोलियों में करने की व्यवस्था भी की है। प्रदेश में 20 भाषा-बोलियों में द्वि-भाषीय पुस्तकें तैयार की गई है, जिससे छत्तीसगढ़ में रहने वाले बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाई की शुरूआत करने का अवसर मिल सके।

**एक नजर**

## राजधानी समेत प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश



**रायपुर।** प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है. राजधानी रायपुर में बीती रात से झमाझम बारिश हो रही है. वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में भी वर्षा हो रही है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है. साथ ही कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। रायपुर। प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है. राजधानी रायपुर में बीती रात से झमाझम बारिश हो रही है.

# रायपुर के दो स्पा सेंटर्स में चल रहा था देह व्यापार, थर्ड जेंडर सहित पांच गिरफ्तार

**13 लड़कियां भी पकड़ाई, स्पा सेंटर संचालक फरार**

**रायपुर।** पुलिस ने राजधानी रायपुर के दो स्पा सेंटर में छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है थाना सिविल लाइन के तहत शंकर नगर स्थित ब्लू मून एवं द माइंड वेलनेस स्पॉ सेंटरों में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार चल रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने यहां दबिश दी। पुलिस ने 6 आरोपी और 1 थर्ड जेंडर सहित कुल 7 लोगों के खिलाफ पीटा एक्ट की कार्रवाई की है। वहीं देह व्यापार संलिप्त कुल 13 युवतियों व महिलाओं को भी पकड़ा गया है।



स्पा सेंटर से गिरफ्तार आरापियों में रायपुर निवासी आकाश साहू, विवेक साहू, अशोक बारत, आशियाना यादव (थर्ड जेंडर) व राकेश महानंद शामिल हैं। वहीं ब्लू मून स्पॉ सेंटर संचालक कुनाल राठी व द माइंड स्पॉ सेंटर के संचालक पिंटू जायसवाल फरार हैं। पुलिस की टीम ने ब्लू मून स्पॉ सेंटर मकान मालिक अशोक बारत एवं मैनेजर आकाश साहू और सहायक मैनेजर विवेक साहू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 3 नग मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इसी प्रकार शंकर नगर स्थित द माइंड वेलनेस स्पॉ सेंटर में रेड कार्यवाही कर स्पॉ की मैनेजर आशियाना यादव (थर्ड जेंडर) एवं सहायक मैनेजर राकेश महानंद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 2 मोबाइल फोन जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 310/23 एवं 311/23 धारा 370, 374 भादवि. एवं 4, 5, 7 पीटा एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### फोटो भेजकर करते थे डीलिंग

*गिरफ्तार आरोपियों से जब्त मोबाइल फोन की जांच करने पर पता चला कि वे अपने मोबाइल से ग्राहकों के मोबाइल फोन में अलग-अलग महिलाओं की फोटो भेजकर देह व्यापार को अंजाम दे रहे थे। इसके साथ ही मोबाइल फोन में अन्य कई ऐसे ग्रुप भी पाये गए हैं, जिनमें पूरे देश में आरोपियों की ओर से देह व्यापार कराने के संबंध में चैट मिले हैं। छापामारी के दौरान दोनों स्पॉ सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है।*

# बांकी मोगरा नगर पालिका शीघ्र अस्तित्व में आएगी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को शीघ्र कार्यवाही के दिये निर्देश



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले में बांकी मोगरा नगर पालिका के गठन के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कटघोरा विधायक एवं मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम कंवर के आग्रह पर यह निर्देश जारी किये। गौरतलब है कि कटघोरा विधायक श्री कंवर ने मुख्यमंत्री से आज यहां उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर उनसे बांकी मोगरा शहर को नगर पालिका बनाने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि बांकी मोगरा क्षेत्र के आठ वार्ड कोरबा नगर निगम के अंतर्गत आते हैं। नवीन नगर पालिका के गठन से बांकी मोगरा में विकास कार्य तेजी से होंगे और क्षेत्र के नागरिकों को अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विधायक श्री कंवर के आग्रह पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को बांकी मोगरा नगर पालिका के गठन के लिए शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# मुख्यमंत्री ने 303 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन किया

रायपुर। बीते चार सालों में सुकमा जिले में बड़े पैमाने पर विकास कार्य किये गये हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें जैसी अधोसंरचना मजबूत की गई और सुरक्षा व्यवस्था भी दृढ़ की गई। पहले देर रात सुकमा के लिए जाने में लोगों के मन में आशंका रहती थी।




अब लोग निःसंकोच यात्रा करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले में वर्चुअल रूप से 303 करोड़ रुपए के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि दक्षिण भारत से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने पर पहली विधानसभा सुकमा जिले का कोंटा है।

हमने यहां सबके सहयोग से सुकमा जिले के विकास के लिए योजनाएं बनाई और इसे क्रियान्वित किया। इन सालों में यहां बड़ा बदलाव आया है और इसे यहां पहुंचकर महसूस कर सकते हैं। हमने यहां सुरक्षा बेहतर की। जगरगुंडा में 13 साल बाद पुनः स्कूल आरंभ किया।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 303.67 करोड़ रूपए की लागत के 131 विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात दी, जिसमें 63 करोड़ 56 लाख 27 हजार रूपए की लागत वाले 33 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 240 करोड़ 10 लाख 81 हजार रूपए की लागत वाले 98 विकास एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वे प्रत्यक्ष रूप से लोगों से मिलना चाहते थे लेकिन तेज बारिश की वजह से संभव नहीं हो पाया, इस बात का खेद है लेकिन वर्चुअल रूप से आप लोगों से जुड़ पाया, इस बात का संतोष है। सबसे अच्छी बात यह है कि बारिश हो रही है और हमारे प्रदेश के लिए यह बहुत उपयोगी है।

# जांजगीर चांपा में बिल्डर के घर लाखों की चोरी

अमरकंटक घूमने गया था परिवार इधर चोरों ने कर दिया कांड

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक बिल्डर के घर पर लाखों की चोरी का मामला सामने आया। बिल्डर अपने पूरे परिवार के साथ अमरकंटक घूमने गया था और इधर चोरों ने घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह बिल्डर अपने परिवार के साथ घर पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। मामले की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिल्डर ने बताया कि अलमारी से लगभग 10 लाख के जेवर व दो लाख रुपए नगदी चोर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। पुलिस ने बताया कि नैला के वार्ड नंबर 18 निवासी बिल्डर आशीष गौरहा शनिवार को परिवार के साथ अमरकंटक घूमने के लिए गए थे। रात को वे देर होने के कारण नहीं लौटे। इस बीच रविवार की सुबह उन्हें पड़ोसियों से सूचना मिली कि



उनके गेट का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद घर पहुंचे तो देखा कि अलमारी में रखा 12 तोला सोने के जेवर, आधा किलो चांदी और पुराने जेवर जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए व दो लाख नगदी रकम चोरी हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई है। वहीं बिलासपुर से फॉरेंसिक टीम भी आ गई है। टीम ने दरवाजे, टूटे ताला, अलमारी और चोरी किए गए गहनों के पाउच से फिंगर प्रिंट लिए हैं। बिल्डर आशीष गौरहा के घर से कुछ दूरी पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है।

# 9 राइस मिलर पर बड़ी कार्रवाई, कस्टम मिलिंग में लापरवाही का आरोप

**रायपुर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कस्टम मिलिंग का चावल समय पर भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करने में लापरवाही बरतने वाले 9 राइस मिलरों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने बताया कि तहसीलदार, सहकारिता विस्तार अधिकारी, खाद्य निरीक्षको और मार्कफेड के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा राईस मिलों में भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में पाये गये धान की मात्रा का मिलान ऑनलाईन रिपोर्ट से करने पर कम पाए जाने पर कुल 2 लाख 5 हजार 229.20 क्विंटल धान जप्त की गई। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मेसर्स जे.पी. अग्रवाल सन्स कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड अजनी गौरेला के राइस मिल में भौतिक



सत्यापन में धान और चावल की मात्रा का मिलान किया गया। ऑनलाईन रिपोर्ट के अनुसार धान एवं चावल का स्टाक नहीं पाये जाने 20041.20 क्विंटल धान जप्त किया गया।

इसी तरह धान एवं चावल की मात्रा का मिलान ऑनलाईन रिपोर्ट से करने पर कम पाए जाने पर मेसर्स जेपी अग्रवाल एग्रोटेक अंजनी गौरेला के राईस मिल में 18650 क्विंटल धान की जप्ती की गई। मेसर्स गर्ग फूड प्रोडक्टस गौरेला के राईस मिल में 38892 क्विंटल धान, मेसर्स मां नर्मदा एग्रोटेक गौरेला के राईस मिल में 33292 क्विंटल धान, मेसर्स मां नर्मदा राईस प्रोडक्ट गौरेला के राईस मिल में 74210 क्विंटल धान, मेसर्स श्री लक्ष्मी एग्रो इंडस्ट्रीज पेण्ड्रा के राइस मिल में 11493 क्विंटल धान, मेसर्स दक्ष फूडस्ट्रीज पेण्ड्रा के राईस मिल में 2965.60 क्विंटल धान, मेसर्स शिवानी ट्रेडर्स पेण्ड्रा के राईस मिल में 640 क्विंटल धान और मेसर्स बुआजी फर्म्स प्रा. लिमिटेड पेण्ड्रा के राईस मिल में 7044.80 क्विंटल धान जप्त की गई।

**प्रेस वाता...**

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस महात्मा गांधी के रास्ते पर चल रही है

# धर्म के नाम पर भाजपा ने किया धंधा, हिंदुत्व पर केवल उसका अधिकार नहीं-प्रमोद कृष्णन

रायपुर। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने भारतीय जनता पार्टी पर लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने धर्म के नाम पर धंधा किया, राजनीति में सत्ता हासिल करने के लिए हिंदुत्व को अपनाया. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदुत्व पर केवल भाजपा का अधिकार नहीं है. कांग्रेस हमेशा हिंदुत्व के रास्ते पर रही है।




राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के साथ राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रमोद कृष्णन ने कहा कि महात्मा गांधी से बड़ा हिन्दू कोई नहीं है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस महात्मा गांधी के रास्ते पर चल रही है. मुसलमानों को गाली देने का नाम हिंदुत्व नहीं है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल बीजेपी की सपोर्टर पार्टी हैं. वहीं ईडी-सीबीआई बीजेपी के हिडन ऑर्गनाइजेशन हैं. जो पब्लिक डोमेन में नहीं है, वो काम ईडी और सीबीआई करती हैं. कभी भी सरकार बनाना और ना बनना, जनता के विवेक पर निर्भर करता है. छत्तीसगढ़ की जनता पर हमें पूरा भरोसा है। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के कामकाज की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे खुशी है प्रदेश में प्रगति हो रही है. हर वेव में छत्तीसगढ़ आगे है. भूपेश बघेल की टीम प्रदेश को बढ़ा रही है. सब तरफ लोग खुश हैं. लोग कह रहे हैं कि बघेल जी सरकार में वापस आ रहे हैं. यहां एंटी इनकम्बेंसी नही है. कुछ महीने बाद बड़ा बदलाव आएगा. कांग्रेस शक्तिशाली बनेगी. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पॉलिसी अच्छी बनेगी।

### मध्यप्रदेश में कांग्रेस की जीत का दावा

*राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की जीत का दावा किया. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अब बीजेपी के हाथ से बाहर है. शिवराज सिंह चौहान घोषणा वीर के नाम से जाने जाते हैं. 50 हजार घोषणा की हैं. दिनभर घोषणा करते रहेंगे, लेकिन पैसा है नहीं. चार लाख करोड़ का कर्ज लिया है. अब मध्य प्रदेश में नए उदय का संकेत दिख रहा है.*

# बस्तर में कांग्रेस का बूथ चलो अभियान आज से, शामिल होंगे दिग्गज

सीएम जगदलपुर, शैलजा कांकेर, और महंत बस्तर में रहेंगे

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस का बूथ चलो अभियान सोमवार से शुरू हो रहा है। बस्तर संभाग के विधानसभा सीटों पर अभियान में पार्टी के सीनियर नेताओं को प्रभारी बनाया गया है।



सीएम भूपेश बघेल जगदलपुर, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम भानुप्रतापपुर, और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत बस्तर की बूथ चलो अभियान में शामिल होंगे।

प्रदेश कांग्रेस ने बूथ चलो अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा, और प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। अंतागढ़ में अनिला भेडिया, प्रदेश प्रभारी शैलजा कांकेर, केशकाल में जयसिंह अग्रवाल, कोंडागांव में डॉ. प्रेमसाय सिंह, नारायणपुर में दीपक बैज, चित्रकोट में टीएस सिंहदेव, दंतेवाड़ा में कवासी लखमा, बीजापुर में डॉ. शिव डहरिया, और कोंटा में फूलोदेवी नेताम रहेंगी।

# आत्मनिर्भरता: अब निखरेगा तेजस का तेज, विकसित देशों की कतार में होगा भारत

हमारी सेना को आधुनिकतम उपकरणों से सुसज्जित करना और उन उपकरणों के उत्पादन को पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाना हमारी रक्षा नीति की मुख्य प्राथमिकता बन चुका है। इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच किए गए समझौते भारत की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हैं।

इनमें सबसे प्रमुख हैं- अमरिका द्वारा भारत को जीई-एफ414-आईएनएस6 लड़ाकू जहाजों के इंजन और एमक्यू-9बी आक्रामक ड्रोन के भारत में निर्माण करने के लिए टेक्नोलॉजी साझा करने का समझौता। अमेरिका के साथ सैन्य संधि करने वाले देशों के अतिरिक्त अभी तक अमेरिका ने इतनी दरियादिली किसी और देश के साथ नहीं दिखाई है और भारत ऐसी किसी सैन्य संधि का सदस्य नहीं है।

निर्माण सहयोग के इस सौदे में भारत को 31 एमक्यू-9बी आक्रामक ड्रोन मिलेंगे, जिनमें 15 हमारी नौसेना के लिए होंगे और आठ-आठ थलसेना और वायुसेना के लिए। ड्रोन मानव विमान चालक के बिना उड़ने वाले स्वचालित यान होते हैं। आम नागरिक के लिए अनुमान लगाना कठिन होगा कि जीई-एफ414 जेट इंजन का सौदा भारतीय वायुसेना के लिए कितना अधिक महत्वपूर्ण है। उसके लिए भारतीय वायुसेना की कमजोरियों से परिचित होना उतना ही जरूरी है जितना चौथी और पांचवीं पीढ़ी के जेट फाइटर जहाजों में अंतर समझना। अत: इन जेट इंजनों के सौदे से भारतीय वायुसेना वाकई बहुत अधिक लाभान्वित होगी। सरकारी आकलन के अनुसार, भारतीय वायुसेना के पास विमानों की 42 स्क्वाड्रन होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल उसकी ताकत कुल 31 स्क्वाड्रन की है, जिनमें से अधिकांश रूसी मूल के विमान हैं। संख्या में इतनी भारी कमी तो चिंताजनक है ही, जो विमान सेवारत हैं, उनकी गुणवत्ता भी कई सवाल उठाती है। फ्रांसीसी मूल के मिराज विमान वर्ष 1999 में वायुसेना से जुड़े थे, इनमें से आज भी करीब 50 विमान सेवा में हैं। स्वयं फ्रांस में सेवानिवृत्त हो चुके इन विमानों के पुर्जे प्राप्त करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में 3,000



**प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए समझौते से अब भारत में ही लड़ाकू जहाजों के इंजन और ड्रोन का अमेरिकी सहयोग से उत्पादन हो सकेगा। आत्मनिर्भरता के ऐसे कदम हमें भविष्य में विमान निर्यात करने वाले देशों की श्रेणी में ला सकेंगे।**

करोड़ रुपये खर्च करके खरीदे गए पुराने और अपनी आयु पूरी कर चुके मिराज विमान अब स्पेयर पार्ट्स निकालने के काम आ रहे हैं। भारत ने इन विमानों के कल-पुर्जे बनाने की कभी नहीं सोची। कभी पाकिस्तानी सैबर जेट और स्टारफाइटर मार गिराने वाले मिग-21 को कल-पुर्जों की कमी के कारण उड़नताबूत होने का अपयश झेलना पड़ा था। शुक्र है कि राफेल जहाज का वर्षों तक लटका रहने वाला सौदा किसी तरह एक मुकाम पर पहुंच सका और 36 राफेल जेट वायुसेना के लिए खरीदे जा सके। लेकिन अब हालत यह है कि मिग-21 की जगह भरने का निर्णय लेते समय जिस तेजस विमान का भारतीय निर्मित के रूप में इतना महिमा-मंडन हुआ, उसका हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स द्वारा निर्माण बेहद धीमी रफ्तार से हो रहा है। वर्ष 2021 में करीब 47 हजार करोड़ रुपयों का जो ऑर्डर एचएएल को 73 तेजस मार्क-1ए और 10 ट्रेनर विमान बनाने के लिए दिया गया था, उसकी पूर्ति फरवरी, 2024 से फरवरी, 2028 के बीच होने की उम्मीद है। मार्क-1ए के पहले बैच की आपूर्ति अगले साल शुरू होगी। इस बीच यह भी साफ हो गया है कि तेजस मार्क-1, जिसमें जीई-एफ404 इंजन है, चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान से बेहतर नहीं हो सकता। अत: तेजस मार्क-2 विमान के रूप में एक बेहतर मॉडल बनाने के लिए 9,000 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया और आशा की गई कि वायुसेना को 126 विमान, अर्थात सात स्क्वाड्रन एडवांस मल्टी कॉम्बैट एयरक्राफ्ट जहाज दिए जा सकेंगे। इनमें से 36 विमानों में अमेरिकन जीई-414 इंजन होंगे, जो 98 किलो न्यूटन थ्रस्ट वाले होंगे और बाद में बनाए जाने वाले 90 विमानों में 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट वाले होंगे। भारत ने विमान निर्माण की अपनी सीमित क्षमता के मद्देनजर दो इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान बनाने का फैसला बंगलूरू में बीते फरवरी में हुए एयर शो में अमेरिकी एफ-35ए के प्रदर्शन से प्रभावित होकर लिया था।

तेजस मार्क-2 में अमेरिका में बना जीई-एफ414-आईएनएस6 टर्बोफैन इंजन होगा। लेकिन खुशी की बात यह है कि जहां तेजस मार्क-1 का इंजन पूरी तरह आयातित था, वहीं तेजस मार्क-2 में इस्तेमाल होने वाले जीई-एफ414-आईएनएस6 इंजन को बनाने की तकनीक भी हमें देने के लिए अमेरिका राजी है। नतीजतन भारत में ही इस इंजन का अमेरिकी सहयोग से उत्पादन हो सकेगा। भारतीय सैन्य विमान उत्पादन उद्योग के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है। आत्मनिर्भरता के ऐसे कदम हमें भविष्य में विमान निर्यात करने वाले देशों की श्रेणी में ला सकेंगे। भविष्य में हमें जरूरत होगी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की। पांचवीं पीढ़ी के जेट फाइटर में आक्रमण और बचाव के लिए अत्याधुनिक उच्चतम कौशल वाले उपकरण इस्तेमाल होते हैं। उनमें अच्छी मारक दूरी, अधिक ऊंचाई पर उड़ने की क्षमता और अच्छी गतिशीलता होती है। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है, अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक और एवियोनिक्स तकनीक, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से प्राप्त सभी सूचनाओं का क्षण भर में अध्ययन करके विमान चालक को तुरंत निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं।

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

## संपादकीय

### भाजपा की कहानियों का क्या जवाब है!


देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों के नेता पटना में मिल रहे हैं। अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए इन पार्टियों के बीच एक मोटी सहमति हो गई है कि भाजपा के खिलाफ सबको मिल कर लड़ना है। उसकी बारीकियों, खासतौर से सीटों के बंटवारे या रणनीतिक एडजस्टमेंट के बारे में आगे बात होगी। लेकिन इस राजनीतिक सहमति के आगे क्या? यह यक्ष प्रश्न है कि विपक्षी पार्टियों के पास आम जनता को सुनाने के लिए क्या कहानी है? भारतीय जनता पार्टी के पास ढेर सारी कहानियां हैं- कुछ सच्ची, कुछ झूठी और कुछ अधूरी। अभी 19 जून को महाराष्ट्र की एक सभा में राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि दुनिया के 120 देशों के राष्ट्रध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों ने एक साथ मिल कर नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है और कहा है कि वे विश्व मंच पर उनकी बात उठाएं। इस कहानी का क्या जवाब विपक्ष के पास है? क्या विपक्ष के नेता भाजपा की ओर से गढ़े जा रहे नैरेटिव के बरक्स अपना कोई काउंटर नैरेटिव गढ़ सकते हैं? फड़नवीस का बयान भाजपा की ओर से सुनाई जाने वाली सैकड़ों कहानियों में से एक कहानी है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा और उसके बाद सितंबर में होने वाले जी-20 देशों के नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन से और बल मिलेगा। लेकिन इसके अलावा भाजपा के पास और भी कहानियां हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे पसंदीदा कहानियों में से एक विपक्ष के भ्रष्टाचार और परिवारवाद की है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से विपक्ष के हर नेता को भ्रष्ट साबित किया गया है।

# एक परिवार के सत्ता सुख के लिए लगा था आपातकाल, लोकतंत्र का जनक देश हो गया था जेल में तब्दील

*1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तानाशाह इसलिए बन गयी थीं और देश पर आपातकाल इसलिए थोप दिया था क्योंकि एक पुराना मामला राजनीतिक रूप से उनके लिए बड़ी मुश्किलों का सबब बन गया था। इतिहास में 25 जून का दिन भारत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटना का गवाह रहा है क्योंकि 1975 में इस दिन तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने मनमाने तरीके से देश में आपातकाल थोप दिया था। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल रहा था।*

*तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा की थी।*

देखा जाये तो स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद काल था। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण था कि आजादी के महज 28 साल बाद ही देश को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कारण आपातकाल के दंश से गुजरना पड़ा था। इसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि काफी प्रभावित हुई थी और आज भी विश्व इतिहास में यह दर्ज है कि भारत भले लोकतंत्र की जननी है लेकिन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस लोकतंत्र को जेल




की सींखचों के पीछे डाल दिया गया था। हम आपको बता दें कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तानाशाह इसलिए बन गयी थीं और देश पर आपातकाल इसलिए थोप दिया था क्योंकि एक पुराना मामला राजनीतिक रूप से उनके लिए बड़ी मुश्किलों का सबब बन गया था। दरअसल 1971 में हुए लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राज नारायण को रायबरेली संसदीय क्षेत्र में पराजित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। उन्होंने दलील दी थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, चुनाव में तय सीमा से अधिक पैसे खर्च किए और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल किया। मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी को आरोपों में दोषी पाया और छह साल के लिए पद से बेदखल कर दिया तथा इंदिरा गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राज नारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया।

### इंदिरा गांधी पर कौन-से आरोप सिद्ध हुए थे?

अदालत के इस फैसले ने देश में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। विपक्ष इंदिरा सरकार पर हमलावर हो गया क्योंकि इंदिरा गांधी पर चुनाव के दौरान भारत सरकार के अधिकारी और अपने निजी सचिव यशपाल कपूर को अपना इलेक्शन एजेंट बनाने, स्वामी अवैतानंद को 50,000 रुपये घूस देकर रायबरेली से ही उम्मीदवार बनाने, वायुसेना के विमानों का दुरुपयोग करने, डीएम-एसपी की अवैध मदद लेने, मतदाताओं को लुभाने हेतु शराब, कंबल आदि बांटने और निर्धारित सीमा से अधिक खर्च करने जैसे 14 आरोप सिद्ध हुए थे।

### अदालत के फैसले के बाद देश में क्या माहौल था?

अदालत का फैसला सामने आते ही पूरी कांग्रेस और सरकार इंदिरा गांधी के नेतृत्व में एकजुट हो गयी और पार्टी नेताओं ने इंदिरा गांधी को इस्तीफा देने से मना किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे और इस पूरे प्रकरण को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की साजिश बताने लगे। इंदिरा गांधी के पक्ष में नारेबाजी होने लगी। नेताओं में एक से बढ़कर एक चापलूसी वाले बयान देने की होड़ लग गयी। इसी दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने 'इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा' का नारा दे दिया जिससे चापलूसी की सारी हदें पार हो गयीं।

नीरज कुमार दुबे

## मिला जुला

### हांगकांग के विमान का टायर फटने से बाल-बाल बचे 293 यात्री, निकासी के दौरान 11 घायल



**हांगकांग।** हांगकांग की कैथे पैसिफिक विमान CX880 को शनिवार तड़के तकनीकी समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। आपातकालीन निकासी के दौरान 11 यात्री घायल हुए हैं।

घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जिसमें से 9 को छुट्टी दे दी गई है। हांगकांग से लॉस एंजिलिस जा रही फ्लाइट में 17 क्रू सदस्य और 293 यात्री सवार थे। सार्वजनिक प्रसारक आरटीएचके ने पुलिस के हवाले से बताया कि विमान का एक टायर अत्यधिक गर्म हो गया था जिससे कारण वह फट गया।

#### विमान कंपनी ने मांगी माफी

कैथे ने एक बयान जारी कर कहा कि यात्रियों को पांच डोर एस्केप स्लाइड्स का उपयोग करके विमान से बाहर निकला गया। कैथे ने कहा, 'हमारे सहयोगी अस्पताल में भर्ती दो यात्रियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे।' विमान कंपनी कैथे ने ग्राहकों को हुई परेशानी के लिए माफी भी मांगी है।

# ना यूपीए ना महागठबंधन, विपक्षी दलों के एलायंस का नाम हो सकता है पीडीए

**विपक्षी** दलों के गठबंधन को लेकर 23 जून को पटना में सीएम नीतीश कुमार के घर पर हुई 15 दलों के नेताओं की बैठक के बाद अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए के मुकाबले मोर्चे के गठन की सम्?भावना हकीकत में बदलती दिख रही है। इसी के साथ इस नए मोर्चे के नाम को लेकर भी अनुमान लगाए जा रहे थे। बहुत से लोगों का मानना था कि इस बार भी इस गठबंधन का नाम यूपीए यानी संयुक्?त प्रगतिशील गठबंधन होगा लेकिन इस बार पुराने नाम से मोर्चा गठन की संभावना न के बराबर है। मोर्चे के लिए अभी जिस नाम की सर्वाधिक चर्चा है वो है पीडीए। पीडीए यानी पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलाइंस। सीपीआई ने बकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसका ऐलान भी कर दिया है। हालांकि नाम पर अंतिम मुहर अगले महीने शिमला में प्रस्?तावित विपक्षी एकता की दूसरी बैठक में लगेगी।

दरअसल, 23 जून को ही यह साफ हो गया था कि विपक्ष के गठबंधन का जो भी नाम तय होगा उसमें लोकतंत्र और देशभक्ति की चर्चा जरूर होगी क?योंकि विपक्ष का आरोप है कि पिछले नौ साल में बीजेपी की राजनीति अपनी, अपने नेता या सरकार के काम की आलोचना करने वालों को देशद्रोही करार देने की रही है।विपक्ष का कहना है कि बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार के रहते देश के लोकतंत्र पर खतरा मंडराता रहेगा।



### सीएम नीतीश के न्योते पर हुई थी बैठक

गौरतलब है कि एनडीए के खिलाफ विपक्ष की ऐसी मोर्चाबंदी की पहल पिछले कुछ समय से अलग-अलग दलों के नेताओं के द्वारा की जा रही है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सभी नेताओं को पटना आने का न्?योता दिया था। उन्?हीं के न्?योते पर 23 जून की बैठक हुई। इसमें यह तय किया गया कि अगली बैठक शिमला में जुलाई के पहले पखवारे में होगी। पटना की बैठक में 15 दलों के नेताओं ने हिस्?सा लिया था। बताया गया है कि अगली बैठक में विपक्षी दलों का मोर्चा काफी कुछ आकार ले चुका होगा और उसी में इसके नाम पर मुहर भी अधिकारिक मुहर जाएगी।

#### अखिलेश भी कर रहे पीडीए की वकालत

विपक्षी नेताओं की मीटिंग में शामिल रहे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी पिछले कुछ समय से पीडीए की बात उठा रहे हैं। हालांकि उन्?होंने इसके जरिए पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के गठजोड़ की बात की है।

लिहाजा इसके खिलाफ सबको मिलकर लड़ना चाहिए और इस एकजुट हुए नए मोर्चे का नाम लोकतंत्र और देशद्रोह दोनों को लक्षित करते हुए होना चाहिए। लिहाजा, पीडीए यानी पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलाइंस नाम अभी तक सबसे उपयुक्?त माना जा रहा है क?योंकि ये इन दोनों मसलों को समाहित करता है। पेट्रियोटिक यानी देशभक्ति और डेमोक्रेटिक यानी लोकतांत्रिक, पीडीए में ये दोनों बातें आ जा रही हैं।

बता दें कि 23 जून को विपक्षी नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस बात पर जोर दिया था कि उन्?हें विपक्ष नहीं कहा जाए। उन्?होंने कहा था कि हमें विपक्ष न कहा जाए, हम भी देशभक्त हैं। अब सीपीआई ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए मोर्चे के नए नाम पर तस्?वीर साफ करने की कोशिश की है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा के अनुसार, प्रस्तावित बड़े विपक्षी मोर्चे का नया नाम पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक एलाइंस (देशभक्ति लोकतांत्रिक गठबंधन) हो सकता है। हालांकि वामपंथी नेता ने कहा है कि गठबंधन के नाम पर अभी तक निर्णय नहीं लिया गया है।

# शराब घोटालेबाज ढेबर, पुरोहित, ढिल्लन की बिगड़ी हालत, जमानत अर्जी खारिज कर कोर्ट ने 10 दिन बढ़ाई रिमांड

**रायपुर (छत्तीसगढ़ उजाला)।** दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में रापयुर कोर्ट ने एक बार फिर से आरोपियों की रिमांड बढ़ा दी है। रायपुर की स्पेशल कोर्ट में शनिवार को इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 10 दिनों के लिए ढेबर, पुरोहित और ढिल्लन की रिमांड बढ़ा दी है। अब 4 जुलाई को रायपुर मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक ढिल्लन, एपी त्रिपाठी और नितेश पुरोहित को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

अधिवक्ता सौरभ पांडेय् ने बताया कि आरोपियों की रिमांड बढ़ाने के




साथ ही कोर्ट ने ढिल्लन और पुरोहित की जमानत याचिका पर भी सुनवाई की। कोर्ट ने फिलहाल दोनों को जमानत देने से इंकार कर दिया है। ईडी ने कहा था कि यह दोनों इस पूरे घोटाले मामले में मुख्य आरोपी हैं और इन्हें जमानत दिए जाने पर वो सबूत और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इस पर अदालत ने दोनों को जमानत नहीं दी। शराब घोटाला में किसी की भी जमानत मंजूर नहीं की गई है। इससे पहले आबकारी विभाग के संचालक रहे अधिकारी निरंजन दास की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है। बताया जाता है कि जेल में बंद शराब घोटाले के आरोपियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। चर्चा है कि शनिवार को इसी कारण से ढेबर, पुरोहित और ढिल्लन को कोर्ट में पेश नहीं किया गया। हालांकि एपी त्रिपाठी को कोर्ट लाया गया था। कुछ दिन तक हॉस्पिटल में ही तीनों का इलाज होगा। इस दौरान तीनों वहीं पर रहेंगे।

# दिल्ली-महाराष्ट्र में 62 साल बाद एक साथ आया मानसून, पंचकुला में कार सहित महिला बही

**नई दिल्ली.** दिल्ली और मुंबई में रविवार सुबह मानसून की एंट्री हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 62 साल बाद दोनों जगह एकसाथ मानसून पहुंचा है। इससे पहले 21 जून 1961 को दोनों जगह एक ही दिन मानसून दाखिल हुआ था।



अगले दो दिनों में मानसून दिल्ली और मुंबई को कवर कर लेगा। मुंबई में कल से हो रही बारिश में जेजे फ्लाईओवर पर पानी भर गया। आज शहर के कुछ हिस्सों के लिए यलो और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के करीब 23 राज्यों में अगले चार दिन भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। इनमें झारखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं।

#### शनिवार को 6 राज्यों में दाखिल हुआ मानसून

मानसून भले ही देश में 7 दिन की देरी से दाखिल हुआ, लेकिन शनिवार को एक दिन में यह छह राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में पहुंच गया। कई राज्यों में मानसून तय समय पर पहुंचा है। पूरे उत्तराखंड व हिमाचल में भी एक ही दिन में मानसून छा गया। पश्चिमी घाट पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी के पास 12 दिन से अटका मानसून आगे नागपुर तक पहुंच गया। अगले 24 से 48 घंटे में मानसून महाराष्ट्र में मुंबई तक, मप्र, उत्तर प्रदेश व हरियाणा में और आगे बढ़ेगा।

### अमृतपाल के साले पर एनआईए की कार्रवाईकेस दर्ज

**अमृतसर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने वारिस पंजाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह के साले अमरजोत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खालिस्तान समर्थकों की भीड़ ने कनाडा के ओटावा में 23 मार्च 2023 को भारतीय उच्चायोग पर हमला किया था। इस दौरान बिल्डिंग पर दो ग्रेनेड भी फेंके गए थे। इस भीड़ का नेतृत्व अमृतपाल सिंह का साले अमरजोत सिंह कर रहा था। एनआईए के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 18-19 मार्च को संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास पर हमले से संबंधित दूसरे मामले में एनआईए ने आठ खालिस्तान समर्थकों बाबा सरवन सिंह, अमनदीप सिंह विर्क, लखबीर सिंह, गुरशरणजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, संदीप सिंह, गुरचरण सिंह खालसा, जसप्रीत सिंह लोवला और अज्ञात का नाम जोड़ा है।

### पुतिन के खिलाफ वैगनर ग्रुप का विद्रोह कैसे लिया आकार, 48 घंटे में ही कैसे हुआ फिस्स

**रूस** की प्राइवेट मिलिट्री वैगनर समूह के विद्रोही लड़ाके राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ ही रहे थे कि उसके नेता येवगेनी प्रिगोझिन ने उन्हें अपने-अपने बेस पर लौटने का आदेश दे दिया। इससे रूस की राजधानी में संभावित रक्तपात का खतरा टल गया। यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के रक्षा मंत्रालय और प्रिगोझिन के बीच एक महीने से चल रहा विवाद और नवीनतम घटना राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनके 22 साल के शासनकाल में सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा था। यूक्रेन युद्ध में बढ़ती भूमिका निभाने के बाद वैगनर समूह प्रमुखता से उभरा है। इस समूह के लड़ाकों ने एक महीने की लंबी लड़ाई के बाद बखमुत शहर में रूसी झंडा फहराया था। रूस के सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक येवगेनी प्रिगोझिन अब बेलारूस चले जाएंगे और उनके वैगनर समूह के लड़ाकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को वापस ले लिया जाएगा।



# खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का जन्मदिन जिले में मना धूमधाम से

## पौधरोपण, फल वितरण के साथ जगह-जगह कटे केक

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।






प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत के जन्म दिवस के अवसर पर प्रेमनगर विधायक प्रतिनिधि व राजीव युवा मितान क्लब के विधानसभा समन्वयक परमेश्वर यादव के नेतृत्व में युवक कांग्रेस व क्षेत्र के युवा मितान क्लब के कार्यकताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर पहुंच मरीजों से मुलाकात करते हुए उनका हाल चाल जाना और फल का वितरण कर उनका जन्मदिन मनाया। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक प्रतिनिधि यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत द्वारिकापुर में ग्रामीणों के साथ केक काटकर मंत्री अमरजीत भगत का जन्मदिवस मना उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान यादव ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं का लाभ लेने अपील किया। उन्होंने कहा कि सूबे के मुखिया भुपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख विकास कार्य कर रही है। ग्रामीणों को बताया कि सरकार प्रदेश के किसानों का आय बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आगामी दिनों में सरकार किसानों से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से अधिक कीमत पर और प्रति प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करेगी। जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर व सशक्त हो सकेंगे।

### महिला कांग्रेस ने काटा केक, बांटे फल

भगत के जन्मदिन के अवसर पर बिश्रामपुर स्वास्थ्य केन्द्र में महिला कांग्रेस द्वारा उनका जन्मदिन मनाया गया। स्वास्थ्य केन्द्र में केक काटकर मरीजों को फ ल वितरण करते हुए महिला कांग्रेस ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छंदाश्री, गीता पुरी, बीना शर्मा, रश्मि शर्मा, नुरेशा तिर्की, दुर्गा सारथी, विजय मिश्रा, संदीप शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव सरफराज खान, अमान खान, अज्जु अंसारी, शनि जायसवाल, उपेंद्र, अंशु, अकबर, रेहान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भटगांव में हुआ आयोजन

भैयाथान में जनपद सदस्य राजू गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व गोठान समिति के सदस्यों ने गोठान में वृह्द पौधरोपण किया। वहीं भटगांव में एनएसयूआई व युवक कांग्रेस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनगड़ी पहुंच मंत्री भगत के जन्म दिवस पर मरीजों को फ ल वितरण किया और केक काटते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

### नगर पालिका जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण का किया श्रीगणेश

ग्रीन सूरजपुर क्लीन सूरजपुर के रूप में नगर पालिका परिषद सूरजपुर के अध्यक्ष केके अग्रवाल के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नपा पानी टंकी परिसर में भगत के जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण करते हुए आयोजन की शुरूआत की। नपा अध्यक्ष ने इस दौरान खाद्य मंत्री भगत के जन्म दिवस पर उन्हें बधाई दी और पूरे निकाय की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल सहित पार्षद अश्वनी सिंह, विरेन्द्र बंसल, राम सिंह, अजय सिंह, सुरेन्द्र देवांगन, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज डालमिया, गिरधारी साहू, मधू साहू, तनवीर अहमद, देवदत्त साहू व कांग्रेस परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# को लेफ्टिनेंट बने धनजय का साहु समाज ने किया भव्य स्वागत

**फरसगांव।** भारतीय सेना में को लेफ्टिनेंट बने धनजय साहु का प्रथम बार फरसगांव नगर आगमन के दौरान साहु समाज ने नगर के बड़ेडोंगर चौक से बाईक रैली बस स्टेंड होकर जनपद स्कूल मैदान पहुंची जहां धनजय का भव्य स्वागत किया गया । मां कर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया और साहू समाज और अखिल भारतीय पूर्व सैनिको के द्वारा को लेफ्टिनेंट धनजय का सम्मान किया गया । साहु समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपने उद्बोधन में कहा की धनजय साहू आज जिस ऊंचाइयों पर पहुंचे है वह साहु समाज के साथ साथ बस्तर के लिए गौरव की बात है और युवा पीढ़ी को धनजय से प्रेणा लेकर देश सेवा के लिऐ आगे बढ़ने की आवश्यकता है । धनजय ने बताता की उनकी पढ़ाई मध्यप्रदेश के रीवा के सैनिक स्कूल में 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की और जेएनयू न्यू दिल्ली में ग्रेजुएशन किया, 17 वर्ष में ही यूपीएससी एग्जाम फाईट किया और पहले ही राउंड में सफलता प्राप्त की है, ग्राम दुधावा जिला कांकेर के निवासी है । इस कार्यक्रम के दौरान साहु समाज जिला अध्यक्ष, साहू समाज तहसील केशकाल/फरसगांव के पदाधिकारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद जिला कोंडागांव के पदाधिकारी व सदस्य, साहू समाज फरसगांव के सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# चिखलाकसा में स्टॉपडैम कम रपटा की मांग...

*नवाज भाई ने देखा स्थान.....ग्रामवासियों के निमंत्रण में पहुंचे नवाज भाई....*

**अम्बागढ़ चौकी।** ग्राम चिखलाकासा मरकाकसा मिटकुटोला के ग्रामीण लंबे समय से स्टॉपडेम कम रपटा की मांग प्रशासन से कर रहे थे द्य जिसकी जानकारी चिखलाकसा मरकाकसा मिटकुटोला के ग्रामवासियों द्वारा नवाज भाई को दी गई, तत्पश्चात जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज भाई ने स्थल निरीक्षण कर ग्रामवासियों की मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश शुक्ला,नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया राजकुमारी सिन्हा,मनोज सिन्हा



पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण सदस्य,महेंद्र कुमार,शरद कुमार,सोसायटी अध्यक्ष खुर्सीटिकुल अग्नू राम साहू,आत्माराम,पंचूराम पटेल,सूरज भंडारी, सियाराम,बलिराम,फगनू राम, सुकलूराम ,शेरसिंह, उबेद पटेल,महेंद्र टोमन सिन्हा, कमलेश,हेमंत निषाद,फुलकैना बाई,ममता कुंजाम,फुलेस्वरी बाई,कुलेश्वरी एवं चिखलाकसा मरकाकसा मिटकुटोला के ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस की बूथ बैठक में जुटे वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसी



**राजनांदगांव।** शहर दक्षिणी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 21 जून को वार्ड क्रमांक 39 में बूथ क्रमांक 119 बूथ क्रमांक 120 बूथ क्रमांक 121 की क्रमशः बूथ कमेटी की अहम बैठक दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में ली गई । बैठक का संचालन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि तीनों बूथों की पृथक रूप से बैठक वार्ड के आस्था के केंद्र नागेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना उपरांत की गई । जिसमें आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बूथ कमेटी के सभी सदस्यों को चुनावी रण में उतरने के लिए अभी से तैयार रहने के लिए कहा गया और छत्तीसगढ़ सरकार की जनहित कारी योजनाओं से उन्हें अवगत कराते हुए उन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष एवं वार्ड के ऊर्जावान युवा पार्षद शरद पटेल को दी गई । बैठक में भाजपा के दुष्प्रचार से भी बूथ कमेटी के सदस्यों को अवगत कराया गया ।सूर्यकांत जैन ने कहा कि यदि हम पूरी सक्रियता के साथ अपने-अपने बूथ में कार्य करेंगे तो हमें आगामी विधानसभा चुनाव में शहर में कांग्रेस का विधायक बनाने से कोई रोक नहीं पाएगा । बैठक को वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसी शिव नारायण पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस को सेवादल संगठन को और अधिक सक्रिय करने की जरूरत है वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी श्री महेश ढीमर ने कांग्रेसियों की सक्रियता की सरहाना करते हुए उत्साहवर्धन किया इसी तरह बैठक को दक्षिण ब्लॉक के उपाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार कांग्रेस के युवा पार्षद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मिलकर भाजपा की महंगाई का मुंहतोड़ जवाब देना है।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन का किया निरीक्षण

## जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कर विस्तृत कार्ययोजना अनुसार संचालन की तैयारी हेतु दिये निर्देश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शासकीय कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर संतुष्टि जाहिर करते हुए उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, अंकित चौहान एवं प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरईएस अजय चौधरी, एपीओ लाइवलीहुड पुनेश्वर वर्मा से लाइब्रेरी की संचालन हेतु बनाए गए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा



की। जिसमें उन्होंने लाइब्रेरी के सामने गार्डन के निर्माण तथा रायपुर स्थित नालंदा परिसर के समान ऑक्सी जोन के निर्माण तथा विद्यार्थियों के पढ़ने हेतु बैंचों की व्यवस्था करने तथा लाइब्रेरी के मैदानी तल पर बच्चों के लिए पढ़ने की किताबों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समसामयिकी पुस्तिकाओं, अखबारों एवं अन्य मैगजीन को रखने को कहा। इस लाइब्रेरी में प्रवेश हेतु रेडियो फ्रिकवेंसी आईडी कार्ड पद्धति का प्रयोग करने तथा प्रथम तल में ई-लाइब्रेरी एवं साइबर जोन का निर्माण किया जाएगा। द्वितीय तल में इनक्यूबेशन सेंटर सीजी पीएससी कोचिंग सेंटर तथा कॉन्फ्रेंस रूम की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर अभियंता ने बताया कि लाइब्रेरी निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। जल्द ही विद्यार्थियों के लिए पंजीयन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कार्ययोजना के अनुसार संचालन हेतु सभी तैयारियों को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पांच सूत्रीय मांगो को लेकर कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की हड़ताल घोषित

## 7 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे राज्य के अधिकारी कर्मचारीगण, मांग पूरी नहीं होने पर 1 अगस्त से करेंगे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन ।



**कोंडागाँव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की पांच सूत्रीय मांगो को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन,कर्मचारी अधिकारी महासंघ , मंत्रालयीन कर्मचारी संघ सहित प्रदेश के 145 कर्मचारी संगठनों ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के बैनर पर आंदोलन के प्रथम चरण में 7 जुलाई को राज्य के समस्त कर्मचारी अधिकारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर प्रदेश के समस्त ब्लॉक,तहसील एवं जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन करेंगे तथा आंदोलन के द्वितीय चरण में 1 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का नोटिस छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को दे दिया है छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवम् महासंघ के प्रांत्तीय संयोजक अनिल शुक्ला ने बताया कि 23 जून को इंद्रावती भवन में कर्मचारी अधिकारी मोर्चा से संबद्ध 145 संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के शासकीय,संविदा कर्मचारियों एवं पेंशनरों की पांच सूत्रीय मांग राज्य के कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षित किया जाय,कर्मचारियों एवं पेंशनरों का लंबित 9 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाय।

## एक नजर

### नक्सलियों के द्वारा लगाया गया 5 किलो आइईडी को जवानों ने किया निष्क्रिय

**कोंडागाँव ।** नक्सलियों के द्वारा लगाए गए 5 किलो आईईडी को निष्क्रिय किया गया। मिली जानकारी अनुसार बुनागांव के पास मील 5 किलो आईईडी को किया जवानों व बीडीएस ने किया निष्क्रिय। आपको बतादें की जवानों को क्षति पहुंचाने नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ग्राम बुनागांव के पास पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को बरामद किया, जिसे मौके पर ही बीडीएस की टीम ने निष्क्रिय किया।



सीआरपीएफ ,डीआरजी ,जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम ने रविवार को नारायणपुर सड़क किनारे गश्त पर थी, उसी दौरान ग्राम बुनागांव के पास सड़क से कुछ दूरी पर जमीन के ऊपर वायर निकला हुआ दिखाई दिया, संदेह होने पर कोंडागांव से नारायणपुर सड़क पर रोड ओपनिंग पार्टी लगाई गई और संयुक्त टीम के साथ बीडीएस टीम को भी इंवॉल्व किया गया, संदेहास्पद जगह की तलाशी ली गई ,जांच में जमीन के अंदर 5 किलो का टिफिन बम वायर सहित बरामद हुआ ,जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय किया। पुलिस अधिक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार ने जानकरी दी।

### 30 जून तक का समय नहीं तो ब्लैक लिस्टेड होंगे लापरवाह ठेकेदार - सीएमओ

30 जून तक का समय नहीं तो ब्लैक लिस्टेड होंगे लापरवाह ठेकेदार – सीएमओ



**कोंडागांव ।** नगर पालिका सभागार मे हुई बैठक ठेकेदारों की बैठक । नगरपालिका अधिकारी दिनेश ने जानकारी देते हुए बताया की बैठक मे कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ठेकेदारों को। जिन ठेकेदार ने कार्य लेकर प्रारंभ नही किया है उन्हे 30 जून तक का समय दिया गया है। उसके पश्चात कार्य निरस्त कर ब्लैक लिस्ट किया जायेगा, साथ कार्य पूर्ण होने के पश्चात साईड क्लियर करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव पार्षद मनीष श्रीवास्तव, तरुण गोलछा, योगेंद्र पोयम, नीलांबर जाली, अनिता पोयम, ललिता नेताम, एवम सभी ठेकेदार उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल



**फरसगांव।** फरसगांव नगर के रेस्ट हाउस के समीप पिकप के पीछे बाइक जा टकराई बाईक में सवार दो युवक हुये घायल ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आमाबेडा निवासी कुश पटेल पिता अमलू पटेल और ग्राम सोडे निवासी अजय पटेल पिता कांतू पटेल बाईक क्रमांक CG 19 BM 8604 में सवार होकर कोंडागांव की ओर जा रहे थे इसी बीच नेशनल हाइवे 30 में रेस्ट हॉउस के समीप पिकप क्रमांक CG 05 AA 0914 अचानक मोड़ने के कारण बाईक चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया जिसके चलते बाईक पिकप के पीछे जा घुसी जिसके चलते बाईक में सवार अजय पटेल के सीने में गंभीर चोट आई जिसका फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार पश्चात बेहतर बेहत्तर उपचार के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव रिफर किया गया है, साथ ही कुश पटेल के पैर में चोट आई है जिसका उपचार फरसगांव अस्पताल में जारी है फरसगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को थाना ले जाया गया और विवेचना जारी ।

### बंधा तालाब में डाला गया बैक्टिरियल ई-बॉल, अब होगा जलकुंभी का खात्मा

**कोण्डागांव।** जिला मुख्यलय के हृदय स्थल में स्थित बंधा तालाब को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के उद्देश्य से आज तालाब की मुख्य समस्या जलकुंभी के समूल खत्में के लिए 640 बैक्टिरियल ई-बॉल प्रायोगिक तौर पर डाला गया। अध्यक्ष नगरपालिका वर्षा यादव ने कहा कि सरोवर की स्वच्छता और सौंदर्यकरण के लिए पालिका लगातार कार्य कर रही है एवं जलकुंभियों के निदान के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। जलकुंभी के खात्मे के लिए अंबिकापुर में किये गए ई-बॉल के प्रयोग का रिजल्ट हमने देखा है आस्वस्त है कि बंधा तालाब जल्द जलकुंभी मुक्त हो जाएगा।

सीएमओ दिनेश दे ने बताया कि आज 640 ई-बाल डाला गया है। 08 माह की उपचार पद्धति वैज्ञानिकों के निर्देशन पर अपनाया जाएगा। अध्यक्ष नपा वर्षा यादव, पार्षद मनीष श्रीवास्तव, गीतेश गाँधी, आशु पांडेय, नरेंद्र देवांगन, तरुण गोलछा, ललिता नेताम, अनिता पोयम, नीलांबर जाली, योगेंद्र पोयम, नरेंद्र देवांगन एवं उपस्थित नगर वासियों ने जलकुंभी मुक्त अभियान का शुभारंभ किया।

# नवनीत चांद पहुंचे रात के अंधेरे में ग्राम पंचायत बिरनपाल के भूरकाली पारा लगाया जनचौपाल

**जगदलपुर ।** मुक्ति मोर्चा के संयोजक एवं जनता का अंग्रेजी के जिलाध्यक्ष बस्तर के बेटे नवनीत चांद रात के अंधेरे में ग्राम पंचायत बिरनपाल के भूरकाली पारा पहुंचे जहां जनचौपाल लगाया इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह और हर्ष सहज ही नजर आया ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया पश्चात गांव के विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के बीच खुली चर्चा हुई । इस बीच जय बस्तर जय के साथ हाथ और फूल जगदलपुर विधानसभा की भूल का नारा भी खूब लगा । ग्रामीणों



ने अपनी बातों के साथ गांव की समस्याओं को सामने रखा जिसे नवनीत ने गंभीरता से सुना। बस्तर के गांव गांव में लगातार जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं आदिवासियों में व्याप्त समस्याओं

**ग्रामीणों में दिखा जबरदस्त उत्साह रखी गांव की समस्या**

**नवनीत ने कहा- अब जनता जाग गई है झूठे दावे करने वाले जनप्रतिनिधि नेताओं के झांसे में नहीं आने वाले।**

को लेकर जागरूकता का मंत्र फूंकने के साथ उनकी समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे मुक्ति मोर्चा और जनता कांग्रेश जे के नेता श्री नवनीत चांद ने कहा कि राज्य गठन के 22 वर्ष में भाजपा और कांग्रेस की सरकारों एवं उनके क्षेत्रीय विधायको , जिम्मेदार

विभागीय अधिकारियों द्वारा जगदलपुर ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों के विकास के प्रति बरती गई उदासीनता के चलते ग्रामीण अपने वास्तविक विकास और मौलिक अधिकारों से आज पर्यंत तक वंचित हैं श्री नवनीत ने कहा कि- परंतु अब जनता जाग गई है झूठे दावे करने वाले जनप्रतिनिधि नेताओं के झांसे में नहीं आने वाले। सीजन के अवसर में अजय बघेल ओम मरकाम,प्रीतम नाग,रामू नाग चेतन बघेल ,रेनू राम दयताती पवन ,पाकलू कश्यप उपस्थित थे।

# जल गुणवत्ता, जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। जिसके तहत जल जीवन मिशन अंतर्गत जल गुणवत्ता अभियान के लिए मिशन संचालन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री एस के शुक्ला के मार्गदर्शन में जल गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिले में जल बहिनियों के प्रशिक्षण की एक विशेष कार्य योजना बनाई गई।




जिसके तहत जल बहिनियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों के घरों तक पहुंच रहा पानी शुद्ध है कि नहीं इसके लिए ग्राम में आपूर्ति किए जा रहे जल की गुणवत्ता पर महिलाएं नजर रखेंगी। ग्राम की चयनित इन जागरूक महिलाओं जिन्हें जल बहिनी कहा जाता है, इनको जल गुणवत्ता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है जिससे वह एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण करेंगी। जिसमें सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट रायपुर के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर समर्थन श्री देवीदास किसन निमजे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था।

# चंद घंटों की बारिश ने निगम प्रशासन की खोली पोल

## सड़कों पर बह रही नालियों के गंदे पानी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






छातामुडा चौंक से काशीराम चौक के मध्य तिरुपति धर्मकांटा के बाजू में कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है जिसमे बरसाती पानी के निकासी का प्राकृतिक माध्यम नाला को पूरी तरह से पाटकर नाले का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है। नाला पाटने की वजह से गांधीनगर भाग 2 जाने वाले मार्ग पानी में डूब गया है। बरसाती नाले को प्रभावित करने वाले की मोहल्ले वासियों की शिकायत और खबर को नगर निगम ने संज्ञान लेकर एक दिन पहले ही नाला पाटने पर कोलनाइजर्स सहित तीन लोगों को नोटिस जारी किया है। जबकि उक्त मामला तहसील पुसौर और अनुविभागीय कार्यालय में प्रकरण दर्ज है बावजूद मामले में निराकरण हुए बिना रसूखदारो की मनमानी चरम सीमा पर है।

### जानिए क्या पूरा मामला

निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में मेजर्स एलायंस डेवलपर्स भागीदार राकेश अग्रवाल, आनंद बंसल पार्क सिटी कॉलोनाइजर छातामुड़ा को खसरा क्रमांक 109 एवं अन्य खसरा कुल रकबा 1.936 हेक्टेयर भूमि में कॉलोनी विकास की अनुमति दी गई थी, जिसमें कॉलोनाइजर द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कॉलोनी में नाली का निर्माण एवं ढलान स्वयं के स्वामित्व के भूमि खसरा क्रमांक 112 एवं 189/2 में प्रावधानित किया गया है। यहां उक्त भूमि पर कॉलोनी का अपशिष्ट व जल वर्षा जल में प्रवाहित होता है, लेकिन वर्तमान में उक्त भूमि में मिट्टी भर दिया गया है, जिसके कारण वर्ष के जल पानी निकासी में बाधित होगी। इसी तरह सजन अग्रवाल पिता बनारसीदास लाल टंकी रोड द्वारा खसरा क्रमांक 196/ 4 प्राकृतिक नाला को बाधित कर बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं प्राकृतिक नाला में मिट्टी भराव किया गया है। इससे प्राकृतिक नाला बाधित हो गई है और पानी निकासी की समस्या के साथ बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति निर्मित होने की आशंका है। इधर राजकुमार सिंघल शिव कुमार सिंघल जूटमिल द्वारा छातामुड़ामूल खसरा क्रमण 113/5 में बिना अनुमति के मिट्टी भराव किया गया है। इससे प्राकृतिक ढलान प्रभावित हुआ है। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में चंद घंटों की मूसलाधार बारिश में काशीराम नगर, विनोबा नगर, नवापारा, गांधीनगर भाग 1 व भाग 2 सहित आसपास की कॉलोनी और निचली बस्तियां पूरी तरह जलमग्न हो गई थी। हाईवे पर करीब 6 फीट पानी जमा हो गया था और खाली होने में काफी समय भी लगा था, जिसकी मुख्य वजह बरसाती पानी के निकासी का माध्यम नाले को पाटे जाने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी। उस समय हाईवे किसी नदी जैसा दिख रहा था। जबकि हाईवे निचली बस्तियों से करीब 30 से 35 फीट ऊंचा है। जब हाईवे पर 6 फीट पानी तो निचली बस्तियों की स्थिति का आप स्वयं अंदाज लगा लें। रहने वाले बहुत से गरीब लोगों का बहुत नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसमें लगभग 40 से 50 परिवार प्रभावित हुए थे और लगभग 36 घंटे तक काशीराम चौक स्थित सामुदायिक भवन में प्रभावितों को शरण लेना पड़ा था। मोहल्ले में पानी घुसने की वजह से काफी मकान प्रभावित हुए जिसमें कई मकान टूटकर पूरी तरह धराशाई हो गया था। हालांकि तत्कालीन समय में शासन प्रशासन तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर प्रभावितों की राहत हेतु रात तक जुटे रहे तथा सभी प्रभावितों के खाने पीने की व्यवस्था सामूहिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई थी। राहत कार्य में नगर निगम के तेजतर्रार आशुतोष आयुक्त पाण्डे की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। वर्तमान में बीते दिनों मोहल्ले वासियों द्वारा नगर निगम एवं पुसौर तहसील में नाला पाटने की शिकायत के बावजूद कॉलोनी निर्माता द्वारा मिट्टी पाटे जाने से चिंतित मोहल्ले वासियों द्वारा काम रोककर मौके पर उपस्थित सुपरवाजर को जमकर खरी खोटी सुनाई थी जिसमें मोहल्ले वासियों की बढ़ती भीड़ और आक्रोश को देखते हुए मार खाने के डर से सुपरवाइजर भाग खड़ा हुआ था। नाला पाटने का मामला अखबारों में सुर्खियों पर रहाए जिसके बाद पुसौर तहसीलदार के आदेश पर हल्का पटवारी और आरआई मौके पर पहुंचे थे। राजस्व विभाग के द्वारा राइस मील और कॉलोनी संचालक के बीच पंचनामा बनाकर एक आपसी सहमति पत्र जारी किया गया जिसमें पानी निकासी के लिए केवल निर्माण करने तथा वैकल्पित जल निकासी के स्थान को यथावत रहने की आपसी सहमति बनी किंतु निर्माण के साथ साथ नाला व वैकल्पिक पानी निकासी मार्ग को भी मिट्टी पाटकर ढलान अवरुद्ध कर दिया गया है।

### निगम ने कॉलोनाइजर सहित तीन को भेजा नोटिस

कॉलोनी और मोहल्लेवासियों की शिकायत पर निगम कार्यपालन अभियंता अमरेश कुमार लोहिया, सहायक अभियंता सह स्वास्थ्य अधिकारी अनुराग शर्मा, सहायक अभियंता सूरज देवांगन एवं निगम की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उक्त क्षेत्र स्थित प्राकृतिक नाला में मिट्टी भरने एवं बाउंड्रीवॉल करने की बातें सामने आई हैए जिससे पानी निकासी एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होगी। इसपर कालोनाइजर सहित संबंधित तीन लोगों को निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

### न्यायालय अनुविभागीय कार्यालय में है प्रकरण

निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में हुई शिकायत को लेकर एवं खसरा संबंधित प्राकृतिक नाला के संबंध में न्यायालय अनुविभागी अधिकारी राजस्व में दिनांक 2 जून 2022 को प्रकरण दायर किया गया था। प्रकरण लंबित होने के बाद भी संबंधितों द्वारा प्राकृतिक नाला को पात कर नियम विरुद्ध बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य किया गया है। बहरहाल चंद घंटों की पहली ही बारिश ने नगर निगम के नदी, नाले, नालियों की साफसफाई व्यवस्था की पूरी तरह से पोल खोल कर रख दी है। शहर के बहुत से स्थानों मे पहली बारिश में ही पानी भर गया। निचली बस्तियों में रहने वाले लोग काफी चिंतित और परेशान हैं। नाली, नाले, सड़कें और गलियां गंदे पानी से सरोबर हो गये हैं। एक ओर निगम की उदासीनता और दूसरी ओर शहर के कई नालों को पाटकर अस्तित्व समाप्त होने से जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। शासन प्रशासन को संज्ञान में लेकर तत्काल पानी निकासी के माध्यम नाला पार्टनर और कब्जा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए पुनः शहर के सभी नालों के अस्तित्व को पुनर्जीवित करना चाहिए।।

## एक नजर

### दो बाइको में जबरदस्त टक्कर, चार बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कोरबा जिले में हादसों का दौर जारी आज दो बाइक के आपस में टकराने से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बालको थाना अंतर्गत अजगरबहार, कोसगाई मार्ग में शनिवार को यह घटना घटित हुई। बताया जा रहा है कि इस मार्ग में आमने सामने दो बाइक में टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सडक़ में दोनों बाइक में सवार चारों लोग गिर पड़े। राहगीरों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। घटना स्थल पर पहुंची 112 की टीम ने घायलों को पहले समीप के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइक की गति काफी तेज थी और चालकों से वाहन अनियंत्रित होने से टक्कर हो गई। यहां बताना होगा कि जिले में सडक दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। कटघोरा, बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में एक सप्ताह के भीतर छह लोगों की मौत हो गई थी। वहीं एक दिन पहले हरदीबाजार के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार एक आरक्षक की मौत हो गई। वहीं कुछ दिन पूर्व धूल डस्ट के कारण कोरबा, चांपा मार्ग में सड़क दुर्घटना से युवक की जान चली गई थी।

### अनियमितता बरत रहे 20 यात्री बसों पर की गई कार्यवाही

17 हजार 200 रुपए वसूला गया जुर्माना




**कोण्डागांव ।** कोंडागांव जिले से गुजरने वाली यात्री बसों में जांच के दौरान पाई गई अनियमितता पर कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव साहू ने बताया कि परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा द्वारा यात्री बसों की जांच कर कमी पाए जाने पर उचित कार्यवाही करने के निर्देष दिए गए हैं। इसके परिपालन में शुक्रवार को परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जिले से गुजरने वाली 27 यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 20 यात्री बसों में कंडक्टर लायसेंस, ड्रायविंग लायसेंस एवं बिना अनुमति के वाहनों का संचालन संबंधी अनियमितता पाई गई। इन वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 17 हजार 200 रुपए का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव साहू , कार्यालय स्टॉफ श्री हेमचंद कंवर, कु. भावना गावड़े एवं यातायात पुलिस प्रभारी श्री सोरी सहित उनका अमला मौजूद था।

# सांसद गोमती ने तरेरी आंखे तो शासन ने किया संचालक प्रभारी सहायक आयुक्त को निलंबित

* राज्य शासन ने सांसद के लिखे पत्र पर की ठोस कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सांसद गोमती साय द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छग शासन के सचिव को पत्र लिखकर रायगढ़ के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ के संचालक प्रभारी सहायक आयुक्त अविनाष श्रीवास पर कार्यवाही की मांग की थी जिसे गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। 13 मार्च 2023 को सांसद द्वारा लिखे गए पत्र क्र0 62 में 2 वर्षों से संचालक प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ के पद पर पदस्थ अविनाष श्रीवास सहायक की शिकायत की थी। सांसद ने मुख्य सचिव को प्रभारी सहायक की गतिविधियों से अवगत कराते हुए लिखा था कि वर्ष 2019-20 से वर्ष 2022-23 तक रायगढ़ जिले में विभाग द्वारा संचालित छात्रावास आश्रम के मरम्मत एवं रख रखाव तथा निर्माण से संबंधित कार्यों की जानकारी चाही गई लेकिन श्रीवास ने कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। इस जानकारी से साथ रायगढ़ जिले में संचालित विभागीय छात्रावास, आश्रम तथा एकलव्य आदर्श विद्यालयों के लिए क्रय की गई सामग्रीयों के संबंध में जानकारी मांगी गई थी। लेकिन श्रीवास द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया इस संबध में उनके द्वारा मौखिक रूप से भ्रामक एवं त्रुटि पूर्ण जानकारी दी जा रही है। 23 फरवरी 2023 को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक के दौरान वांच्छित जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की जानकारी से कलेक्टर रायगढ़ को भी मैखिक रूप से अवगत कराया गया। अविनाष श्रीवास द्वारा किए गए कृत्य को घोर लापरवाही उदासीनता, कार्यो के प्रति रूचि नहीं लिया जाना मानते हुए उसे अनदेखी का प्रदर्शन बताया। जनप्रतिनिधियों के पत्रों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। श्रीवास को हठधर्मी, लापरवाहए कार्यो के प्रति रूचि नहीं लिये जाने वाले अधिकारी बता कर उसके विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग सांसद द्वारा की गई जिस पर राज्य शासन ने मुहर लगाई।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को बनाया बीमारू राज्य -ओपी चौधरी'

बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ओपी चौधरी ने ध्यान आकर्षित किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ मेडिकल कॉलेज की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी समाचारों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य को बीमारू राज्य बना दिया । भाजपा सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ को पिछड़े राज्यों की पंक्ति से निकालने में भाजपा सरकार सफल रही लेकिन भूपेश सरकार ने इस राज्य को बीमारू राज्य बना दिया। छत्तीसगढ़ आज देश में एक बीमारू राज्य के रूप में जाना जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली किसी से भी छिपी नहीं है। भूपेश सरकार सभी निधियों का इस्तेमाल भ्रष्टाचार के लिए कर रही। जनहित से जुड़े मुद्दों से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। रायगढ़ मीडिया मे प्रकाशित खबरों के हवाले से बताया गया कि जिले में मरीजों को लाने वाली एम्बुलेंस कंडम हो गई है। मरीज भगवान भरोसे है जर्जर हो चुकी एंबुलेंस में जीवन रक्षक आक्सीजन ही उपलब्धता नहीं है। औद्योगिक जिले में सड़कों की बदहाली की वजह से दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी है लेकिन दुर्घटनाओं के मुकाबले स्वास्थ्य सुविधाएं शून्य है।

मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद गंभीर रूप से घायल मरीजों को राजधानी रिफर किया जाता है। सस्ते एवं निःशुल्क एम्बुलेंस की उपलब्धता के विभागीय दावों को ओपी चौधरी ने कागजी बताया। मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त एंबुलेंस नहीं होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को दुगुना किराया देकर निजी एम्बुलेंस सेवाए लेनी पड़ती है। मेडिकल कॉलेज में मौजूद एंबुलेंस में लाइफ सपोर्ट सिस्टम नहीं होने पर भी आश्चर्य जताया। प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने हेतु महतारी एक्सप्रेस 102 का संचालन भी लंबे जर्जर एंबुलेंस के जरिए किया जा रहा है। जिले में 2014 से संचालित ये एंबुलेंस कंडम हो चुकी है। एंबुलेंस को लेकर बहुत सी परेशानियों का सामना मरीजों को करना पड़ रहा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एंबुलेंस का सही तरीके से मेंटेनेंस नहीं होने का सीधा लाभ प्राइवेट संचालक को मिल रहा।

### भाजपा युवा मोर्चा और जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**दल्लीराजहरा ।** बालोद जिला के गुरुर ब्लाक मे आयोजित बैठक मे सैकड़ो लोगो ने भाजयुमो और जोगी कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े के नेतृत्व मे कांग्रेस का दामन थामा,वही बैठक मे भारतीय युवा कांग्रेस के नेतृत्व मे होने वाले बेहतर भारत बुनियादी चेलेंज का पोस्टर और ऐप लांच किया गया।

# रात्रि गश्त पर एसएसपी सदानंद कुमार, अधिकारियों को गश्त सुदृढ कराने के दिये निर्देश

* बेवजह घूमते लोगों को समझाइश, कई वाहन चालकों का कटा चालान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा चोरी तथा संपत्ति संबंधी घटनाओं पर अंकुश लगाने जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त दौरान पेट्रोलिंग करने एवं गश्त को और सुदृढ करने का निर्देश दिया गया है। इसी अनुक्रम में वे कल रात्रि स्वयं गश्त का जायजा लेने और जवानों में उर्जा लाने गश्त पर निकले। उन्होंने शहर के चौंक चौराहों पर गश्त कर रहे अधिकारियों और जवानों की सजगता को देखा। गश्त प्वाइंट और बार्डर के विभिन्न चेक वाइंट का निरीक्षण कर तैनात अधिकारी व जवानों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। कल रात्रि वारंटों की तामिली को लेकर विशेष अभियान के तहत सभी अनुविभागों के राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण तथा थाना, चौकी प्रभारी गश्त पर मौजूद थे। गश्त दौरान विभिन्न चेक प्वाइंट पर रात्रि घूमते देखे गये पैदल व वाहन चालकों से पूछताछ किया गया, बेवजह घूमते पाये गये वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कल विशेष अभियान दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 फरार वारंटियों को पकड़ा गया, सभी गिरफ्तारी वारंटी है। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कोतरारोड़ पुलिस ने 40, पूंजीपथरा ने 15 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही किया गया है।

**कार्यवाही के दौरान 29 फरार वारंटी गिरफ्तार**

# घर के बाड़ी लगा रखा था गांजा का पौधा पुलिस के मुखबीर ने कर दिया खबर युवक चला गया जेल

10 नग मादक पदार्थ गांजा के पौधा सहित 1 गिरफ्तार, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले में नशीले पदार्थ के क्रय.विक्रय पर अंकुश लगाने एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है जिसके बाद लगातार ऐसे कारोबारियों पर कार्यवाही जारी है। बीते दिन थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भरदा निवासी लोकनाथ सिंह अपने बाडी में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पौधा लगाया है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु मौके पर पुलिस टीम पहुंची जहां लोकनाथ सिंह पिता स्व. गणेश सिंह उम्र 38 वर्ष को तलब कर उसके बाड़ी से 10 नग गांजा का पौधा कीमत 1,54,272 रूपये का पाए जाने पर उसे जप्त कर धारा 20(ए)आई एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, घुनेश्वर केरकेट्टा, भूपेन्द्र पोर्ते, सरिता टोप्पो, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिचंद दास, निरंजन व रामपाल सक्रिय रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चे हुए पुरस्कृत

महिला एवं बाल विकास ने किया आयोजन

**दल्लीराजहरा ।** छत्तीसगढ़ महिला एवम बाल विकास के तत्वावधान में रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 24 साहू सदन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक खाद्यान वितरण किया गया एवम नवजात शिशुओं के अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । अब इन शिशुओं को पूरक पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर विशिष्ट अतिथि युवराज साहू , लेखु राम साहू , विशेष अतिथि के रूप में डिस्टिक जज , महिला बाल विकास विभाग से अधिकारी उषा मंडावी , आर रेणु , संध्या दत्ता तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे । कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और अतिथियों के द्वारा उन बच्चों को पुरस्कृत किया गया

# 20 लाख की इमारती लकड़ी मामले में किस किस को बचाएगा विभाग

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



वनमंडल के बेलगहना रेंज के भेलवाटिकरा में उड़नदस्ता दल और रेंज की टीम ने दबिश देकर इमारती लकड़ी भरकर बिहार ले जा रहे ट्रक 16 चक्का बिहार पासिंग को पकड़ कर जब्ती कार्यवाही की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से इमारती लकड़ी के अवैध कटाई और परिवहन का कारोबार चल रहा है, जिसमें बेलगहना रेंज के अफसरों के मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी बात की इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी की बेखौफ कटाई का जिम्मेदार कौन है क्या उस वन परिक्षेत्र का बीड गॉड भर दोषी है अथवा अन्य अधिकारी भीविष्य विचार का है और बेहद गंभीर भी है, क्योंकि जहां लकड़ी पकड़े जाने की कार्यवाही हुई है वन विभाग कालोनी वहां से महज 1 किलोमीटर की और वन विभाग कार्यालय 2 किलोमीटर की दूरी पर ही है। ज्यादातर मामलों में उच्चाधिकारियों को बचाने निचले स्तर के कर्मचारियों पर गाज गिर जाती है। जबकि यहां पूरा मामला जांच का विषय है। उड़नदस्ता दल की कार्यवाही में रेंज के अफसर मिलकर अपनी पीठ थपथपाने का कार्य कर रहे हैं। देखने वाली बात यह होगी कि बिलासपुर सीसीएफ द्वारा गठित उड़नदस्ता द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के संलिप्तता की जांच की जाती है अथवा नहीं। वहीं सूत्रों से जानकारी मिल रही कि इमारती लकड़ी की परिवहन का कार्य बकायदा परमिशन लेकर किया जाता है जिसके लिए राजस्व तथा फारेस्ट विभाग द्वारा परमिशन दिया जाता है यह तथ्य सही है तब किन शर्तो पर इमारती लकड़ी की कटाई का परमिशन फारेस्ट अधिकारियों द्वारा जारी कर दिया जाता है इसकी जांच होनी चाहिए वहीं लकड़ी कृषक का बताया जा रहा है खेती कार्य शुरू होने के कारण कृषक द्वारा लकड़ी हटाये जाने की बात कहने पर लकड़ी हटाने के लिए ट्रक का इस्तेमाल कर परमिशन मिलने तक लकड़ी कृषक के खेत से हटाया जा रहा था जिसपर सुबह के समय उड़नदस्ता दल व वन विभाग की टीम द्वारा ट्रक व लकड़ी जब्ती की कार्यवाही की गई। बहरहाल यह बात कहां तक सच है यह जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा।

## द ट्रायल-प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है काजोल




बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली वेबसीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने कोर्टरूम वेब ड्रामा सीरीज द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाया है। काजोल द ट्रायल-प्यार, कानून, धोखा को लेकर रोमांचित है। काजोल ने बताया कि द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा में उनका जो किरदार है उन्होंने ऐसा किरदार अपने करियर में पहले कभी नहीं निभाया था।

काजोल ने कहा, नोयोनिका का किरदार एक महत्वाकांक्षी महिला का है जो अपने और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कुछ भी कर सकती है।



## येलो ब्रालेट पहन केट शर्मा ने फ्लॉन्ट किया हाई क्लीवेज

### तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी

**टीवी और भोजपुरी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर हमेशा सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। वो हर बार अपने लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने हॉटनेस भरे अंदाज से फैंस को इस कदर दीवाना बना दिया है कि हर कोई उनकी तारीफ करता नहीं थक रहा है।**

एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को अपनी ओर रीझाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में केट शर्मा ने येलो कलर की ब्रालेट और साथ ही व्हाइट कलर का शॉर्ट्स पहना हुआ है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अभिनेत्री ने अपने इस फोटोशूट के दौरान कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देकर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी इन तस्वीरों में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है।

## आज भी सिंगिंग करते वक्त घबरा जाती हूं : जन्नत जुबैर

**एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था, लेकिन सिंगिंग से उन्हें अब भी घबराहट होती है। जन्नत ने हाल ही में अपना नया गाना कायफा हलुका रिलीज किया है। गाने के लिए आयोजित कॉन्फ्रेंस में एक्ट्रेस ने गाने के अलावा और भी बहुत कुछ बताया।**

जब उनसे पूछा गया कि सिंगिंग या एक्टिंग में से उनके लिए क्या मुश्किल है, तो उन्होंने जवाब दिया, मेरा मानना है कि कोई भी काम आसान नहीं होता और अगर आप उसे दिल से करते हैं तो कोई भी काम मुश्किल भी नहीं होता।

मुझे एक्टिंग का बहुत शौक है क्योंकि मैं यह बचपन से करती आ रही हूं। मुझे एक्टिंग की आदत है। अगर मुझे सिंगिंग या एक्टिंग के बीच तुलना करनी हो तो जाहिर तौर पर एक्टिंग ही मेरी प्राथमिकता होगी। मैं आज भी गाना गाते समय घबरा जाती हूं। मैं पहले स्क्रैच रिकॉर्ड करती हूं और फिर फाइनल सॉन्ग रिकॉर्ड करने के लिए स्टूडियो जाती हूं। अपने गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कायफा हलुका का अरबी में अर्थ है आप कैसे हैं?

यह हमारी ओर से बिल्कुल नया प्रयास है। आजकल हम सब जो सुन रहे हैं, यह उससे अलग गाना है। हमने इसे लाइव इंस्ट्रूमेंट्स के साथ एक पॉप गाना बनाने की कोशिश की है। इसमें अरबी म्यूजिक भी है। गाना बहुत ही कर्णप्रिय है। अगर आप इसे एक या दो बार सुनेंगे तो पूरा दिन गुनगुनाते रहेंगे। कायफा हलुका को जन्नत जुबैर ने गाया है। विभास ने गाने के बोल और संगीत दिया है और जन्नत के पिता जुबैर रहमानी ने इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया है।



## दर्शन रावल ने एल्बम दर्द का पहला गाना किया रिलीज

हाल ही में गायक-संगीतकार दर्शन रावल ने अपने दूसरे एल्बम दर्द के पहले गाने माहिया जिन्ना सोहना का वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह एल्बम उनके दिल के करीब है। एल्बम के बारे में बताते हुए दर्शन ने कहा, मैं अपने दूसरे एल्बम दर्द की रिलीज की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। यह एल्बम मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह मेरे व्यक्तिगत अनुभवों और भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त करता है।




उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इन गानों से गहराई से जुड़ेंगे और मेरे गीतों और मधुर धुनों से खुश होगें।

माहिया जिन्ना सोहना गाना एक शांत और मधुर धुन को लेकर बनाया गया है। यह ट्रैक सिंथ-पॉप, इलेक्ट्रॉनिक्स और भक्ति संगीत का मिश्रण है। इसके साथ ही दर्शन ने ट्रैक में थोड़ा रोमांटिक स्वाद भी जोड़ा है।

एल्बम का निर्माण करने वाले इंडी म्यूजिक लेबल के प्रबंध निदेशक नौशाद खान ने कहा, दर्शन की प्रतिभा और समर्पण वास्तव में सराहनीय है और हमें विश्वास है कि यह एल्बम संगीत उद्योग में नई सीमाएं तोड़ देगा।

बता दें दर्शन की डेब्यू जुदाईयां विभिन्न चार्ट बस्टर्स में काफी लोकप्रिय हुई थीं। आने वाले बाकी गानों के साथ नया ट्रैक इंडी म्यूजिक लेबल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर जारी किया जाएगा।

## रणदीप हुड्डा ने स्वातंत्र्य वीर सावरकर की शूटिंग की पूरी

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आगामी फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के समापन के अवसर पर एक वीडियो पोस्ट किया।



वीडियो में फिल्म के निर्माण के कई खास पल शामिल हैं। वीडियो के साथ अभिनेता ने लिखा, वीर सावरकर फिल्म की शूटिंग का समापन हो चुका है। इस फिल्म के लिए मैं मर चुका हूं और वापस भी आ चुका हूं। अभी के लिए, मेरी टीम, कलाकारों और क्रू को हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ दिन-रात काम किया और इसे संभव बनाया।

अभिनेता ने कहा कि आखिरकार अब मैं ठीक से खा सकता हूं, इसलिए स्वादिष्ट भोजन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। वैसे, शूटिंग की इस लंबी अवधि के दौरान मैंने क्या खाया और क्या नहीं खाया, इसे लेकर बहुत सारी गलतफहमियां हैं और मैं इसे जल्द ही स्पष्ट करूंगा।

## कंगना रनौत ने टीजर जारी कर किया इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान

कंगना रनौत पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं। अब आखिरकार अभिनेत्री की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अभिनेत्री ने रिलीज डेट का साथ फिल्म का टीजर भी जारी किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है।




कंगना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा, एक रक्षक या एक तानाशाह? हमारे इतिहास के सबसे काले दौर का गवाह बनें, जब हमारे राष्ट्र के नेता ने अपने लोगों पर युद्ध की घोषणा की। इमरजेंसी 24 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी। टीजर में अभिनेत्री का पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन देख प्रशंसक उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं और उनके अभिनय को भी पसंद कर रहे हैं।

इमरजेंसी के टीजर में दिखाया गया है कि देश में 25 जून 1975 को इमरजेंसी लगने के बाद क्या हालात थे। लोग सड़क पर निकलकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और पुलिस उन्हें रोकने के लिए उनके ऊपर गोलियां चला रही है। बीच में जेल की सलाखों के पीछे अनुपम खेर की झलक भी दिखाई देती है।

# खेल

## वर्ल्ड -कप क्वालिफायर...नीदरलैंड ने नेपाल को हराया, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे के साथ सुपर-6 में क्वालिफाई किया

### मैक्स ओक्दाउड ने बनाए 90 रन

क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर रोमांचक हो चला है। शनिवार को जिम्बाब्वे ने वेस्टइंडीज को 33 रन से हराया। वहीं ग्रुप-ए के अन्य मुकाबले में नीदरलैंड ने नेपाल को हराकर सुपर-6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। इस हार के साथ नेपाल की टीम ङ्क के साथ एलिमिनेट हो गई और ग्रुप-ए में जिम्बाब्वे, नीदरलैंड के साथ वेस्टइंडीज ने भी अगले राउंड में क्वालिफाई कर लिया।

टूर्नामेंट में रविवार को ग्रुप-बी के 2 मैच होंगे। श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ ओमान भिड़ेगी। इन मैचों के नतीजों से सुपर-6 स्टेज की 2 और टीमें तय हो सकती हैं।

आगे स्टोरी में हम क्वालिफिकेशन प्रोसेस जानेंगे, लेकिन पहले जानते हैं शनिवार को क्या हुआ...




### 167 ही बना सका नेपाल

हरारे के ताकाशिंघा स्पोर्ट्स क्लब में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी नेपाल की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ही ओवर में ओपनर आसिफ शेख का विकेट गंवा दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। साथी ओपनर कुशल भुर्तेल ने भीम शर्की के साथ 46 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन 20 रन के अंदर दोनों आउट हो गए।

कुशल ने 27 और भीम ने 22 रन बनाए, इस बीच आरिफ शेख भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित पौडेल ने 33 रन बनाकर पारी संभाली, लेकिन नेपाल का कोई भी बैटर ज्यादा देर टिक नहीं सका। ज्यादातर बैटर्स सेट होने के बाद अपना विकेट दे कर चले गए और टीम 44.3 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई।

नीदरलैंड्स से वान बीक ने 4 विकेट लिए। वहीं बास डी लीड और विक्रमजीत सिंह को 2-2 विकेट मिले, क्लैटॉन फ्लॉयड और आर्यन दत्त को 1-1 विकेट मिला।

### नीदरलैंड्स को ओपनर्स ने दिलाई मजबूत शुरुआत

168 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नीदरलैंड को मैक्स ऑक्दाउड और विक्रमजीत सिंह ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13 ओवर में 86 रन की पार्टनरशिप की। विक्रमजीत 30 रन बनाकर आउट हुए और ओपनिंग साझेदारी टूटी। वेसली बारेसी भी 3 रन बनाकर आउट हो गए। 96 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बास डी लीड ने मैक्स के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों में 62 रन की पार्टनरशिप हुई। मैक्स ऑक्दाउड अपने शतक के करीब थे, लेकिन 90 रन के स्कोर पर बोल्ड हो गए। उनके बाद तेजा निदामानुरु ने डी लीड के साथ कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और टीम को 28वें ओवर में जीत दिला दी।




### सुपर-6 की 3 टीमें तय

*नेपाल को हराने के साथ ही नीदरलैंट्स ने सुपर-6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। टीम ग्रुप-ए में 4 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई। 6 पॉइंट्स के साथ जिम्बाब्वे पहले और 4 पॉइंट्स के साथ वेस्टइंडीज तीसरे नंबर पर है। वेस्टइंडीज शनिवार को ही जिम्बाब्वे के खिलाफ हार कर तीसरे स्थान पर पहुंची।*

## एक नजर

### 27 जून को जारी हो सकता है वर्ल्ड कप शेड्यूल

#### मुंबई में ICC ने रखा इवेंट; इस दिन बाकी रहेंगे टूर्नामेंट के 100 दिन

भारत में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान 27 जून को हो सकता है। ICC ने इस दिन मुंबई में एक इवेंट रखा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दिन वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी होगा।



टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से होना है, ऐसे में इस दिन के बाद वर्ल्ड कप में सिर्फ 100 दिन बाकी रह जाएंगे। जिसे देखते हुए टूर्नामेंट शेड्यूल जारी करने के लिए यही दिन बेस्ट नजर आ रहा है। बता दें, BCCI ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) को काफी समय पहले वनडे वर्ल्ड के शेड्यूल का ड्राफ्ट भेज दिया है।

पाकिस्तान 2023 वनडे वर्ल्ड कप में अपने दो लीग मैच की जगह बदलवाना चाहता था। लेकिन, रिपोर्ट्स के मुताबिक ICC और BCCI ने उसकी ये मांग खारिज कर दी थी। मांग खारिज करने का आधार यह थे कि पाकिस्तान ने यह नहीं बताया था कि वह वेन्यू क्यों बदलवाना चाहता है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) से जिन दो मैचों की जगह बदलने की गुजारिश की थी उनमें संभावित शेड्यूल के मुताबिक 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होना था। दूसरा मैच 23 अक्टूबर को अफगानिस्तान के साथ चेन्नई में होना था। पाकिस्तान बेंगलुरु में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना चाहता था।

### विमेंस एशेज...तीसरे दिन टैमी ब्यूमोंट का दोहरा शतक

#### इंग्लैंड 463 पर ऑलआउट; ऑस्ट्रेलिया को 92 रन की बढ़त

इंग्लैंड के नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड विमेंस टीम के बीच विमेंस एशेज का टेस्ट मैच खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड ने 463 रन बनाकर अपनी पहली पारी में ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने दोहरा शतक (208) लगाया। वह टीम की आखिरी बैटर के रूप में आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 473 रन बनाए थे, इस तरह उन्हें 10 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने बगैर नुकसान के 82 रन बना लिए। अब उनकी बढ़त 92 रन की हो चुकी है। टीम की ओपनर बेथ मूनी (33) और फीब लीचफील्ड (41) नॉटआउट लौटीं। तीसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 218/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन की शुरुआत टैमी ब्यूमोंट (100) और नेट सीवर (41) ने की। इंग्लैंड को दिन का पहला झटका नेट सीवर के रूप में लगा।




### फुटबॉल SAFF चैंपियनशिप

## भारत ने नेपाल को 2-0 से हराया, सेमीफाइनल में जगह बनाई; छेत्री-सिंह ने दागे गोल

**बेंगलुरु।** भारत ने शनिवार को बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में नेपाल पर 2-0 से जीत के साथ SAFF चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।कप्तान सुनील छेत्री और महेश सिंह ने 2 गोल दागे। वहीं, नेपाल एक भी गोल नहीं कर सका। इसके साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।



### भारतीय मैनेजर के अंडर खेली टीम

कोच इगोर स्टिमैक को पाकिस्तान के खिलाफ रेड कार्ड मिलने के बाद भारत के असिस्टेंट कोच महेश गावली ने टीम को मैनेज किया। गावली ने शुरूआती प्लेइंग इलेवन में 8 चेंज किए। यंग खिलाड़ी जैसे उदंता सिंह, महेश सिंह, रोहित कुमार, मेहताब सिंह, आकाश मिश्रा और राहुल भेके ने स्टार्ट किया। वहीं, अनुभवी खिलाड़ी जैसे संदेश जिंगान, प्रिथम कोटल, अनवर अली और गोलकीपर अमरिंदर सिंह सभी बेंच पर बैठे रहे।

### नेपाल ने शुरुआत में अच्छा गेम खेला

नेपाल ने शुरुआत में शानदार गेम खेला। कुछ शॉट्स भी लगाए, लेकिन, एक भी गोल नहीं कर सके। इसके बाद थ्रो इस पर भी मौका मिला, लेकिन कुछ हो नहीं सका।

### छेत्री ने लगाया 91वां इंटरनेशनल गोल

घंटे भर के ठीक बाद 61वें मिनट में सुनील छेत्री के 91वें इंटरनेशनल गोल की बदौलत भारत दिलाई।

### क्या यशस्वी बनेंगे भारत के नए द वॉल

## द्रविड़ के बाद पुजारा ने संभाली जिम्मेदारी; दोनों ने 28 साल में 55 शतक लगाए

भारत की टेस्ट क्रिकेट टीम इन दिनों उतार-चढ़ाव के दौर में है। कई अनुभवी प्लेयर्स उम्र की वजह से तो कुछ खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर हो रहे हैं। इन्हीं में से एक 35 साल के चेतेश्वर पुजारा भी रहे, जिन्हें पिछले दिनों जारी हुई वेस्टइंडीज दौरे की भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया।

पुजारा लंबे समय तक भारत की बैकबोन बने रहे, उन्होंने घरेलू और विदेश के टेस्ट में क्रीज पर लंबा समय टिकाया और रन बनाकर विपक्षी गेंदबाजों को परेशान किया। यही काम उनसे पहले राहुल द्रविड़ किया करते थे। दोनों ही नंबर-3 पर बैटिंग करते थे, अब वेस्टइंडीज दौरे पर उनकी कमी पूरी करने के लिए यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड का सिलेक्शन हुआ है।




आंकड़े, टेक्नीक और पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए लग रहा है कि यशस्वी को ही गायकवाड से पहले डेब्यू का मौका मिलेगा। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ओपनिंग पोजिशन पर टिके ही हैं, ऐसे में यशस्वी को पुजारा की जगह नंबर-3 पर बैटिंग करनी होगी।

डेब्यू से पहले ही 21 साल के यशस्वी पर द्रविड़ और पुजारा की कमी पूरी करने की जिम्मेदारी होगी। जिन्होंने भारत के लिए पिछले 28 साल में 18 हजार से ज्यादा रन बनाए और 55 सेंचुरी भी लगाईं।

# जमकर हुई बारिश सड़के हुई लबालब, पानी की समुचित निकासी नहीं होने से लोगों के घरों में घुसा पानी

## पहली ही बारिश में नगर पंचायत के वार्ड 8 व 11 में पानी निकासी की पोल खोलती नजर आयी

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



क्षेत्र में हुई जमकर बारिश ने नगर पंचायत के 8 व 11 नंबर वार्ड में पानी निकासी की पोल खोलकर रख दी। क्षेत्र में हुई जमकर बारिश से जहां सड़कें लबालब हो गई थी वहीं लोगों के घरों में पानी घुस गया। सीजन की इस पहली जमकर हुई मूसलाधार बारिश से नगर पंचायत क्षेत्र में पानी निकासी की पोल खुल गई। पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण बड़ी मस्जिद से लेकर किसान पारा आसपास लोगों के घरों में पानी घुस गया। जहां सड़क तालाब में तब्दीली हो गयी है। नाली जाम के कारण लोगों के घर पानी गुस गयी है। वार्डवासियों ने कहा नगर पंचायत को बरसात के पहले ही नाली की सफाई कर देनी चाहिए। लेकिन यह लापरवाही नगर पंचायत की है। कोई भी काम नगर पंचायत द्वारा कराया नहीं जाता है, लोग आक्रोश में आकर खुद नाली जाम हुई उससे साफ करने को मजबूर है। दूसरी ओर वार्ड 11 में भी ऐसे ही स्थिति देखने को मिली है, जहां पानी जमा हो गयी है, नाली जाम है। पानी निकलने की समुचित निकासी नहीं होने से अक्सर यह वार्ड का हाल देखा जाता है, लेकिन इस ओर किसी की ध्यान नहीं है। टेंडर हो जाने के बाद भी बरसात से पहले बनने वाली पुलिया, नाली ढक्कन व सीसी रोड, नहीं बनने से वार्ड में यह स्थित निर्मित है। बड़ी मस्जिद से लेकर ओसामा के घर तक नाली का ढक्कन व पुलिया का टेंडर लाखों रुपये की राशि का हो चुका है, जो कि ठेकेदार द्वारा अभी तक कार्य को शुरू नहीं किया गया है। और न ही इस ओर कुसमी सीएमओ की कोई ध्यान है। बरसात से पहले काम करने का था जो कि अब तक कार्य नहीं शुरू किया गया है। जिसके कारण बारिश हो जाने से कचरा जमा होकर आगे की बनी नाली में कचरा जा का जाम हो जाती है। जिस कारण लोगों के घर में यह पानी गुस गया है, जिससे लोग परेशान है।




प्रति वर्ष नगर पंचायत नालियों की साफ सफाई में लाखों रुपए खर्च करती है परंतु अब तक पानी की समुचित निकासी के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर पाने के कारण हर वर्ष लोगों को इस मुसीबत का सामना करना पड़ता। अब देखना यह होगा कि आने वाले समय में बारिश के पानी की समुचित निकासी के लिए नगर पंचायत क्या उपाय करती है। या टेंडर में जो नाली, सीसी रोड, पुलिया है वो कार्य शुरू होती है। या हर वर्ष की तरह है ही नगर पंचायतवासीगण इस समस्या से जूझते रहेंगे। वहीं इस बारिश से नगर में बिजली व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई। शहर में घंटों बिजली गुल रहने से नगर वासियों को पीने की पानी सहित अन्य समस्याओं से झूझना पड़ा रहा है। बारिश दोपहर करीब दो बजे से 4 बजे तक जमकर बारिश हुई है, साथ ही बिजली नहीं रहने से भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस विषय में नगर पंचायत कुसमी सीएमओ नारायण साहू से जब कॉल कर प्रतिक्रिया लेनी चाहि गयी तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

** नगर अध्यक्ष गोवर्धन राम को काल कर जानकारी लेनी चाही गयी तो उनसे भी संपर्क नहीं हो पायी।*

*वही वार्ड के लोगों का कहना है कि 4 साल अध्यक्ष का कार्यकाल बीत गया है। आज तक वार्ड का एक बार भी निरीक्षण नहीं किया गया है। कौन अध्यक्ष है हम जानते तक नहीं है।*

** नगर उपाध्यक्ष जावेद रहमानी से जब फोन कर बात की गयी तो उनका कहना है, नगर पंचायत सीएमओ व नगर अध्यक्ष गोवर्द्धन राम की लापरवाही का नतीजा है। जो यह देखने को मिल रहा है। इनकी मनमानी से वार्ड में यह स्थिति निर्मित हुई है। टेंडर के बाद भी ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं।*

### * क्या कहते है स्थानीय वार्ड पार्षद 8 वाहिद अली

*वार्ड में जो काम हुई है, समुचित तरीके से कुछ काम शेष रह गयी है इस वजह से पानी लोगों के घर में घुसी है, मेरे से जो मदद वार्डवासियों को करना होगा मैं करूँगा मेरे वार्ड की बात है।*

## एक नजर

### एनएच के प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा और तोड़ दिया मकान

* मकान के सामने खड़े होकर प्रभावित परिवार ने लगाई प्रशासन से गुहार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



एनएच अधिकारियों और ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है ग्राम पताढी में जगदीश श्रीवास का परिवार पीढ़ियों से रह रहा है बनाई जा रही कोरबा चांपा एनएच सड़क मार्ग ने उसका मकान पड़ रहा है मकान मालिक को बिना मुआवजा दिए ही एनएच ठेकेदार के गुर्गों ने पुलिस का दौस दिखाकर जगदीश श्रीवास का मकान तोड़ दिया जिसके बाद परिवार डरा सहमा हुआ है और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए चिंतित नजर आ रहा है परिवार के सभी सदस्य आज हुए चक्का जाम के पहले अपने घर के सामने सपरिवार खड़े होकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### महिला के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

सूरजपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 1 जून के बाद अज्ञात व्यक्ति फोन कर उससे अश्लील बात करता है और एक फेसबुक एकाउन्ट बनाकर उसमें मेरा फोटो लगाया है जो मेरा नहीं है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 509(ख) भादसं व 66(सी) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी सूरजपुर को दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान नई तकनीक की मदद लेते हुए जानकारी निकाला जो पाया कि आरोपी मुकिम मोहम्मद उम्र 23 वर्ष निवासी सिंगरौली मध्यप्रदेश द्वारा फर्जी आईडी बनाया है जिसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, निरीक्षक नीलाम्बर मिश्रा, एसआई पियुष चन्द्रा, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, युवराज यादव व रौशन सिंह सक्रिय रहे।




स्वामी आत्मानंद स्कूल की एक और कामयाबी

### स्वामी आत्मानंद मल्टीपरपज विद्यालय ने जीता सीड द फ्यूचर एंटरप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता का खिताब

बिलासपुर । स्वामी आत्मानंद स्कूल ने एक और कामयाबी हासिल कर ली है। पुणे में आयोजित सीड द फ्यूचर एंटरप्रेन्योरशिप का खिताब जीतकर जिले सहित पूरे प्रदेश को गौरांवित किया है।

फांस की कंपनी लॉ फाउंडेशन द्वारा आयोजित सीड द फ्यूचर एंटरप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बच्चे अब गुड़गांव में आयोजित जी 20 सम्मेलन में 4 जुलाई को प्रस्तुति देंगे। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बच्चों सहित पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में टॉप 75 विद्यालय और नॉन एटीएल के 25 विद्यालय सहित कुल 100 विद्यालयों का चयन किया गया था। चयन पश्चात विगत 8 माह से विभिन्न चरणों में 3डी द्वारा निर्मित प्रोडक्ट एवं एंटरप्रेन्योर प्रतियोगिता कराई और 5 जोन के विजेता और उपविजेता को 22 जून को पुणे में आयोजित फिनाले में आमंत्रित किया गया। पुणे के टीप एंड टाउन होटल में प्रतियोगिता का परिणाम फ्रांस की कंपनी ला फाउंडेशिया डीसो सिस्टेम द्वारा घोषित किया गया। जिसमे स्वामी आत्मानन्द मल्टीपरपज स्कूल बिलासपुर को विजेता घोषित किया गया। उपविजेता सिक्किम रहा। बिलासपुर के आत्मानंद स्कूल को विजेता घोषित किए जाने पर शहर के छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो सक्ति टीम ने कार्यवाही के लिए एसपी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




पुलिस एवं आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते नगर पंचायत जैजैपुर समेत आस-पास के गांव में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से कच्ची महुआ, देसी प्लेन शराब एवं गांजा की बिक्री हो रही है, जिससे युवा वर्ग एवं स्कूली बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची महुआ शराब की बिक्री से गांव में अशांति और घर में लड़ाई झगड़े का माहौल है, शराब के नशे में घर के मुखिया अपनी पत्नी और बच्चों से दिन-रात झगड़ते हैं जिससे घरेलू हिंसा बढ़ने लगा है। आबकारी और पुलिस प्रशासन को सूचना देने के बावजूद भी उनके द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की कार्रवाई नहीं किया जा रहा है जिससे जैजैपुर क्षेत्र में संचालित ढाबे, होटलों एवं कुछ दुकानों में अवैध रूप से देसी प्लेन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची महुआ शराब की बिक्री जोरों पर है। ये अवैध काम आबकारी अधिकारी एवं थाना प्रभारी के क्षेत्र में हो रहे है और दोनों अधिकारी तमाशबीन बने बैठे हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष आशीष नायक यूथ विंग के मार्गदर्शन में इन शराब गांजा के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो सक्ति की टीम ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनय कुमार साहू, हीना सिदार, मधु सिदार, रमाकांत चंद्रा, मनीष साहू, दुर्गेश चंद्रा, विजय चंद्रा, साहिल, श्याम कुमार, सोहेल, सरवन, ग्रीस, लुरेश, रामचरण, गुरु दिव्य शंकर आदि उपस्थित थे।

## पत्रकार पर फर्जी केस दर्ज, प्रेस क्लब ने ज्ञापन सौंप जांच करने की मांग की

### बिना विवेचना किए पत्रकार के ऊपर एफआईआर से नाराज प्रेष क्लब

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

प्रेस क्लब कुसमी के समस्त पत्रकार संघ द्वारा 19 जून 23 को हिंडाल्को कंपनी बाबा चौक कुसमी में रोके गए ट्रक से संबंधित विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी, जिसके चलते कुसमी के कुछ संवाददाता बाबा चौक कुसमी में मौके पर उपस्थित होकर घटना की जानकारी ले रहे थे, इस बीच अमित सिंह उर्फ भोलू द्वारा विवाद की स्थिति निर्मित होते समय किसी भी प्रकार का अमानवीय शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया था, इसके बावजूद थाना में कुछ व्यक्तियों द्वारा लिखित रूप से दिए गए आवेदन के आधार पर अमित सिंह उर्फ भोलू के उपर झूठा रिपोर्ट कर दिया गया तथा कुसमी थाना द्वारा तत्काल इस मामले का बिना जांच किए अमित सिंह पत्रकार सहित अन्य व्यक्तियों के उपर एफ आई आर दर्ज कर लिया गया, जबकि दूसरे दिन अमित सिंह उर्फ भोलू द्वारा कुसमी थाना में लिखित रूप से आवेदन देकर एमएलसी कराते हुए इनके साथ हुई मारपीट एवं गाली गलौज करने संबंधित आवेदन कुसमी थाना में जाकर आवेदन दिया गया है, मगर कुसमी पुलिस द्वारा इनके द्वारा दिए गए आवेदन में आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है, बल्कि दूसरे पक्ष द्वारा रात्रि के समय में दिए गए आवेदन पर बिना जांच किए रात्रि के समय में ही पत्रकार अमित सिंह के उपर एफआईआर दर्ज कर दिया गया, इसके चलते आज अमित सिंह द्वारा दिए गए आवेदन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने पर कुसमी पुलिस द्वारा बिना मामले की जांच किए बिना एक पक्षीय रूप से पत्रकार अमित सिंह उर्फ भोलू के उपर कार्यवाही करने के चलते कुसमी पुलिस के उपर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रेस क्लब कुसमी के पत्रकार कुसमी थाना पहुंच कर मामले की गहन तरीके से जांच कर उक्त मामले में उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है, साथ ही प्रेस क्लब कुसमी द्वारा इस मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश के गृह मंत्री, डीजीपी, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी को लिखित रूप से आवेदन देकर इस मामले में उचित कार्यवाही कराने की मांग की गई है, जिससे पत्रकार अमित सिंह उर्फ भोलू को न्याय मिल सके।




**** उपरोक्त मामले की विस्तृत जानकारी कुसमी एसडीओपी रितेश चौधरी को सभी पत्रकार द्वारा कुसमी थाना पहुंचकर इस मामले के बारे में अवगत कराया गया, चुकी उक्त मामला होते वक्त कुसमी एसडीओपी रितेश चौधरी न्यायालीन कार्य से कुसमी से कही अन्यत्र जगह गए हुए थे, जिसके चलते इस मामले की पूरी जानकारी एसडीओपी द्वारा सुनकर अपने संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही कराने की बात कही गई है।***

**** उक्त मामले को लेकर लिखित आवेदन के साथ कुसमी प्रेस क्लब के पत्रकारगण कुसमी थाना पहुंच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है, जिससे आए दिन कुसमी में किसी भी पत्रकार के उपर द्वेष वश भावना से बिना जांच किए किसी भी प्रकार का मामला आनन फानन में कुसमी पुलिस द्वारा दर्ज न किया जा सकें।***

## प्रशिक्षु आईपीएस पुष्कर ने खनिज संपदा का अवैध परिवहन पर गिराई गाज परिवहन में लिप्त 6 ट्रेलर को किया जप्त

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।




रायगढ़ जिले में खनिज संपदा का दोहन या अवैध परिवहन कोई नई बात नहीं है,पर विभागीय अधिकारीयों द्वारा आखें मूंदे बैठे रहना बड़ी बात है, पर अब अवैध शराब के साथ साथ खनिज संपदा की अवैध परिवहन पर कार्यवाई का जिम्मा भी जिला पुलिस ने संभाल लिया है,

इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर विशेष अभियान दौरान प्रशिक्षु आईपीएस पुष्कर थाना प्रभारी कोतरारोड़ के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चेकप्वाइंट लगाकर आने जाने वालों वाहनों की सघन जांच किया जा रहा था, इस दौरान पुलिस टीम ने बिना रॉयल्टी खनिज संपदा की परिवहन में लिप्त 6 ट्रेलर वाहनों को पकड़ा है।

कोतरारोड़ पुलिस ने जांच में पकड़े 06 ट्रेलर वाहन

(1) ट्रेलर क्र.CG- 13 AT-2711
(2) ट्रेलर क्र.CG- 13 AT-2811
(3) ट्रेलर क्र.CG-13 AT-2511
(4) ट्रेलर क्र.CG-13 AR-4411
(5) ट्रेलर क्र.CG-13 AT-3011
(6) ट्रेलर क्र.CG-13 AT- 2211

इन वाहनों पर पुलिस ने धारा 102 CRPC की कार्यवाही करते हुए अग्रिम विस्तृत जांच कार्यवाही के लिए खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है,प्रशिक्षु IPS उदित पुष्कर के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में उपनिरीक्षक गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार,आरक्षक संजीव पटेल, सुरेंद्र भगत, मुकेश चौबे शामिल थे।

## बलरामपुर पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता, पांच नग भरमार बंदूक के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



कुछ दिन पूर्व ही नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों को नक्सलियों के विरूद्ध बेस कार्यवाही करने तथा नक्सल उन्मूलन की दिशा में और अधिक सक्रियता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके बाद थाना चान्दों क्षेत्र से छिपा कर रखे गए 5 नग भरमार बन्दूख, बारूद एवं अन्य विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना सामरीपाठ क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुन्दाग एवं भुताहीमोड़ में कैम्प खुलने तथा नक्सल क्षेत्रों में सिविक एक्सन प्रोग्राम के अन्तर्गत पहुंचविहीन नक्सल क्षेत्रों में लगातार चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों से प्रभावित होकर कुछ दिन पूर्व ही भारी संख्या में पूर्व नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस द्वारा नक्सल क्षेत्रों में सिविक एक्सन प्रोग्राम के अन्तर्गत लगातार चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम एवं सचिंग अभियान, नक्सलियों के विरूद्ध लगातर की जा रही कार्यवाही एवं सचिंग अभियानों से यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारियों को नक्सलियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करने तथा नक्सल उन्मूलन की दिशा में और अधिक सक्रियता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में थाना प्रभारी चान्दो उनि सम्पत राम पोटाई द्वारा 23 जून 2023 को अपने स्टाफ के साथ नक्सली गस्त सचिंग व ग्राम गस्त भ्रमण हेतु थाना चान्दो अन्तर्गत ग्राम भाहपुर, कंदरी सुखरी, जवांखांड़, जलबोथा, मगाजी एवं जलबोथा की ओर रवाना हुये थे। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बैरडीहकला बोदाखांड, राजेश उर्फ बुंती अपने घर में 4-5 भरमार बन्दूक छिपा कर रखा है।

मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी चान्दो सम्पत राम पोटाई द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चान्दो द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स डीके सिंह के मार्गदर्शन में टीम गठित कर राजेश उर्फ बुंती के घर की घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही की गयी। रेड कार्यवाही में राजेश उर्फबुंती के घर से 5 नग भरमार बन्दूक तथा गन पावडर एवं शीशे का टुकड़ा जप्त किया गया तथा आरोपी राजेश उर्फ बुंती के निशानदेही पर अन्य आरोपीगण जुगेल बिरजू, नकल तथा गंगाराम को अपराध सबूत पाये जाने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। हथियार के साथ पकड़े गए आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड के संबंध में जिले दर्ज नक्सल प्रकरणों एवं सरहदी राज्यों में दर्ज प्रकरणों में आरोपियों की संलिप्तता के संबंध जांच की जा रही हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में संपत राम पोटाई थाना प्रभारी चान्दो, प्र.आर. दिलीप भगत, प्र. आर जयपाल किस्पोट्टा, आर. अजय तिर्की, आर. संदीप कुजूर, आर. सुकेन्द्र खेस, आर. सलीम एक्का, आर. दीपक सिंह सक्रिय थे।

# कांग्रेस पार्टी का भाजपा व केंद्र की मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन

## विधायक विक्रम मंडावी ने कहा भाजपा और मोदी सरकार किसान, युवा, मज़दूर एवं आदिवासी विरोधी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भैरमगढ़ में विशाल धरना प्रदर्शन कर भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार को उनके चुनावी वादे याद दिलाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं को प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, प्रत्येक के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपए डालने, वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने और विदेश में जमा काला धन वापस लाने के वादे का क्या हुआ? क्या किसी को भाजपा और मोदी सरकार द्वारा देश की जनता से किए गए वादों का लाभ मिला। वहीं दूसरी ओर भाजपा और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश में महगाई आसमान छू रही है पेट्रोल, डीजज, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों के कीमतें कम होने के बजाय इनकी कीमतें लगातार बढ़ रही है।

दूसरी ओर प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश के किसानों के खाते में पैसा डालने का काम कर रही है ताकि लोगों को मंहगाई से निजात मिले। सभा को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह किसान, युवा, मजदूर एवं आदिवासी विरोधी है। पूरी तरह जनविरोधी है। विक्रम मंडावी ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि देश में जब से केंद्र में

**मोदी सरकार की नाकामियों के कारण देश में पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों के कीमतें लगातार बढ़ रही**

भाजपा और मोदी सरकार आई है तब से देश में पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों के कीमतें लगातार बढ़ रही है बढ़ती कीमतों पर मोदी सरकार लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम है। आने वाले समय में देश की जनता भाजपा और मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने भाजपा और मोदी सरकार को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश के किसानों से वादा किया था कि किसानों की आय दुगनी करेंगे, देश के युवाओं से वादा किया था कि प्रति वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, देश के नागरिकों से वादा किया था कि प्रत्येक के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख लाख रुपये देंगे, विदेशों से काला धन लायेंगे इन वादों का क्या हुआ इस पर भाजपा जवाब कब देगी। जिला कांग्रेस कमेटी की प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस की सचिव रुक्मणी कर्मा ने मोदी सरकार और भाजपा को महिला विरोधी करार देते हुए कहा की भाजपा और मोदी सरकार महिला सुरक्षा की बड़ी बड़ी भाषण करती है लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर अब तक कोई भी काम नहीं किया है वहीं महगाई से महिलाएं परेशान है घर का बजट मोदी सरकार ने बिगाड़ दिया है। सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य एवं छग कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतीया उद्दे, सोमारु कश्यप, सरिता चापा, पार्वती कश्यप, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, जिला महामंत्री सुखदेव नाग, सोनू पोटाम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ के अध्यक्ष लच्छु राम मौर्य और हीरालाल मंडावी आदि ने सम्बोधन किया।

# बालिका को घुमते मिलने पर चाईड लाइन बेमेतरा को सौपा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा पुलिस द्वारा शहर पेट्रोलिंग के दौरान एक बालक को बाजार पारा बेमेतरा में लावारिश हालत में घुमते मिलने पर चाईड लाइन बेमेतरा को सौपा गया था। जो की तस्दीकी उपरांत पता चला कि खम्तराई थाना में उक्त बालक के संबंध में धारा 363 भादवि का अपराध कायम है। जिसके संबंध में संबंधित थाना खम्तराई जिला रायपुर को सुचना देकर एवं उक्त बालक के परिजन के उपस्थित आने पर उक्त बालक को चाइल्ड लाइन कार्यालय बेमेतरा से सही सलामत थाना खम्तराई पुलिस को दस्तयाब बरामदगी के लिए विधिवत अग्रिम कार्यवाही हेतु उक्त बालक को सुपुर्द किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर आपरेशन मुस्कान के तहत गुम अपहृता बालिका को लगातार दस्तयाब कर बरामदगी की कार्यवाही किया जा रहा। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी बेमेतरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक छत्रपाल डहरिया, रविन्द्र तिवारी, आर राहुल यादव व थाना खम्तराई से सउनि सुनीता कंवर, आर. हेमन्त गिलहरे एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# एकल अभियान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बताये गए योग के महत्व

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



एकल अभियान के तहत अंचल रायगढ़ में योग दिवस महोत्सव के अवसर पर एकल अभियान रायगढ़ 104 एकल विद्यालय ग्रामों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें 1528 बच्चों ने भाग लिया और 256 महिला व 272 पुरुष ने शामिल हुए। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिये 20 सेवाव्रति कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अंचल समिति अध्यक्ष राजीवकुमार दुबे, संच समिति सदस्य संतोष कुमार राठिया भी भाग लिए और सभी संचो से समिति कुल 7 सौ लोग व 104 आचार्य उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिये कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क के माध्यम से 104 गांवों में से 1528 बच्चों व समिति और सेवावृतियों में एकल अभियान के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया। सेवाव्रती अंचल अभियान प्रमुख विजय कुराल ग्राम स्वराज योजना प्रमुख सुदामा राठिया, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख ललितकुमार राठिया, अंचल कार्यालय प्रमुख मील सिंह निषाद और सभी संच प्रमुख व संच व्यास अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बारिश ने खोली पालिका के दावों की पोल नाली के गंदे पानी से वार्डों की कई सड़क डूबी

जोहार छत्तीसगढ़-सत्ती।

लंबे इंतजार के बाद मूसलाधार बारिश शक्ति शहर में जहां बारिश से किसान खुश हैं वहीं नगरपालिका शक्ति में जगह-जगह पानी भरने से नगर पालिका की लापरवाही उजागर हो गई है। मुख्य मार्गों पर जलभराव होने से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



अब नालियां चोक होने के बाद हुए जलभराव से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बारिश ने अपना असर दिखाया। मंगलवार दोपहर जिला मुख्यालय व कई अन्य क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

## अनेक वार्डों की नालिया का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा'

नगर पालिका वार्डों में संतोषी मंदिर से पैलेस रोड, हटरी हॉस्पिटल रोड, नवधा चौक रोड पुराना एनएच थाने के पास बाराद्वार बस स्टैंड रोड हेमा रोड, जलभराव था कि लोगों का आना जाना कठिन हो रहा था। पदल यात्रियों व साइकिल चालकों को तो भीग कर इधर से आना जाना पड़ा। चार पहिया वाहन के साथ ही दो पहिया वाहनों को भी आवागमन में खासी कठिनाई हो रही थी।

# भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने नवागढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर लगातार विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे जनसंपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे इन दिनों अपने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर काफी क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहे हैं।




उन्होंने इस समय लगातार एक के बाद एक क्षेत्र में युथ से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर रहे हैं जनता के बीच हर छोटी बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान में भी लगे हुए हैं। ताकि आने वाले समय में इस बार नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने केंद्र सरकार कि हर जन कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव गांव से लेकर हर गरीब तबके के लोगों को भी इसक सीधा लाभ पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने इसी बीच जनसंपर्क के दौरान नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया।

## क्षेत्र के लोगों मे दिखा काफी उत्सुकता

इस समय क्षेत्र की जनताओं मे भी काफी उत्सुकता से भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे को भावी विधायक के रुप में भी देख रहे हैं। तथा ग्रामीण स्तर में भी डॉक्टर जगजीवन खरे को देखकर महिलाएं एवं युवाओं व बुजुर्ग बच्चों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है। ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अगर डॉक्टर जगजीवन खरे को भाजपा पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो उसका जीत निश्चित तौर पर होगा और इसका सीधा असर नवागढ़ विधानसभा में बहुत बड़ा बदलाव भी होगा क्षेत्र में विकास का रास्ता भी खुल जाएगा विधानसभा में ऐसी बहुत से गांव है जहां कई असुविधाएं देखने को मिलेगा जहां आवागमन के लिए कच्ची सड़क पक्की रोड का रिपेयरिंग ना पेयजल की व्यवस्था सीसी रोड नाली निर्माण का ना होना ऐसी कई विभिन्न समस्याओं को ग्रामीणों ने बताया और उन्होंने ये भी कहा कि अभी वर्तमान में गांव के हर छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने में लगे रहते हैं जिससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है।

## एक नजर

### पंचायती आम व उप चुनाव का मतदान 27 जून को

जोहार छत्तीसगढ-सारंगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों का आम व उप निर्वाचन का मतदान मंगलवार 27 जून 2023 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। जिले के सारंगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापाली, बरभांठा (अ) और टिमरलगा में सरपंच, खुडुभांठा के वार्ड 2 और मुड़वाभांठा के वार्ड 15 में पंच, बरमकेला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बारादावन में सरपंच और कोकबहाल के वार्ड 14 में पंच पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालपुर और अमलडीहा में सरपंच और देवसागर के वार्ड.4 में पंच के लिए निर्वाचन होगा। ग्राम पंचायत टेढ़ीभदरा में आम निर्वाचन अंतर्गत सरपंच और वार्ड.1 से 10 तक में पंच हेतु मतदान किया जाएगा। मतगणना मतदान केंद्रों में 27 जून को मतदान समाप्ति के बाद, यदि आवश्यक हो तो तहसील व खण्ड मुख्यालय पर 28 जून दोपहर 3 बजे से किया जाएगा।

#### सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा

पंच, सरपंच व जनपद पंचायत सदस्य के मामले में खंड मुख्यालय में और जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय में 30 जून 2023 को सुबह 9 बजे से परिणाम जारी किया जाएगा।

#### शिकायत और सूचना

जिले में इस निर्वाचन के लिए प्रेक्षक रजनी छड़मली को मोबाइल नंबर 9300635578 पर संपर्क कर निर्वाचन से सबंधित शिकायत और सूचना दे सकते हैं।

#### मतदान के लिए उपयोग में लाए जा सकते हैं 18 दस्तावेज़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के समय मतदाताओं की पहचान सुगम बनाने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। मतदाता इनमें से किसी एक दस्तावेज को मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी निमित्त प्राधिकृत मतदान अधिकारी के सामने प्रस्तुत कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। मतदान के समय मतदाता पहचान पत्र के तौर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, बैंक डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त पहचान पत्र का उपयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त आयुष्मान कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची का उपयोग किया जा सकता है। बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र एवं फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची का उपयोग भी मतदाताए पहचान पत्र के रूप में कर सकते हैं।

### समर कैंप और छलांग ने बच्चों का मन मोह लिया

जोहार छत्तीसगढ-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिले में चलाए गए समर कैंप ने स्कूली बच्चों सहित ग्रामीण बच्चों का मन मोह लिया। स्कूली बच्चों ने खेल-खेल में सामाजिक सहभागिता और सामूहिक खेल से अपना मानसिक और शारीरिक विकास किया। शिक्षकों ने भी बच्चों से सीखा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अंगना म शिक्षा और छलांग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समर कैंप में गिल्ली डंडा, भौंरा, फुगड़ी, फैंसी ड्रेस, नृत्य, योगा, हेयर स्टाइल, मेंहदी, अभिनय, पेंटिंग, सिलाई बुनाई आदि में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे इन खेलों में इतना रमा जाते थे कि समय कब गुजर गया पता नहीं चलता था। इन खेलों से बच्चों के लिए मोबाइल से दूर रहकर अन्य खेल या सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का सुनहरा मौका था, जिसका उन्होंने भरपूर उपयोग किया। दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं से गणित के गिनती, जोड़, घटाना और कहानियां आदि समर कैंप और छलांग कार्यक्रम का हिस्सा था। इन गतिविधियों से बच्चों की छुपी प्रतिभाएं बाहर आयी हैं। समर कैंप और छलांग का आयोजन से बच्चों के बहुमुखी प्रतिभा को उभारने के लिए एक प्लेटफर्म था, जिसका नेतृत्व सभी शिक्षकों ने बखूबी किया। यहां तक शिक्षकों ने यूट्यूब चैनल में बच्चों के डांस या अन्य गतिविधियों को अपलोड भी किया है। इसमें मोर स्कूल और सरोजनी साहू, नाम से यूट्यूब चैनल है, जिसमें इन गतिविधियों को अपलोड किया गया है। स्कूल समर कैंप और छलांग कार्यक्रम जिले के बच्चों के विकास के लिए सार्थक था।

# श्री बजरंग सेना की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

## ऐतिहासिक रही समीक्षा बैठक सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




हिंदू सनातन संगठन हिंदुत्व और धर्म की रक्षा के लिए सतत निर्वहन हेतु श्री बजरंग सेना अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर अंतर्गत आने वाले चिरमिरी नमन सेलिब्रेशन हॉल में ऐतिहासिक मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया इस मासिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के सैकड़ों महिला एवं पुरुष सदस्य एवं पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आपको बता दें कि श्री बजरंग सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश में टीम विस्तार के लिए पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रहा है इसी क्रम में छोटा बाजार के नमन सेलिब्रेशन हॉल में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया इस समीक्षा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष नगर अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष के साथ सक्रिय श्री बजरंग सेना के कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ ही कुछ सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियों के साथ पदभार भी दिया गया जिसमें अतुल बक्सेल को चिरमिरी नगर उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई वहीं राहुल को कोरिया कॉलरी का इकाई अध्यक्ष बनाया गया साथ ही आज की बैठक में मुख्य रूप से युद्ध स्तर से सदस्यता अभियान चलाने के साथ टीम को विस्तार रूप देने पर चर्चा की गई इस बैठक में मुख्य रूप से महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष भारती सिंह जिला अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर सुनीता तिवारी प्रदेश महासचिव राजेश यादव जिला अध्यक्ष सूरज देवांगन जिला उपाध्यक्ष विजय साहू नगर अध्यक्ष कालिका प्रसाद के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष पदाधिकारी मौजूद रहे श्री बजरंग सेना के सभी पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्य गण ने कहा कि संगठन को नए रूप से और बेहद विस्तार देने का कार्य किया जाएगा जिसमें मुख्य रुप से सदस्यता अभियान को बेहतर तरीके से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक चलाया जाएगा।

# केंद्र की मोदी सरकार 9 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की टिफिन बैठक शनिवार को बेरला नगर के सिन्हा धर्मशाला में हुई। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र टिकरिहा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, मंडल अध्यक्ष छोटू साहू महामंत्री डोमेन्द्र राजपूत, डेरहा देवांगन ने कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियों पर चर्चा की और उनको जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व सभी मंडल ने शक्तिकेन्द्र व बूथ प्रभारी बनाकर सौंपा। अवधेश सिंह चन्देल ने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों भाजपा डॉ.रमन सरकार वर्ष 2003 से 2018 बीमा राज्य से देश के विकसित राज्य में लाकर खड़ा किया 15 साल जो विकास कार्य किए जिसमें बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही दो बार केंद्र में मोदी सरकार बनी। वो कार्यकर्ता ही थे, जिन्होंने लोगों के बीच जाकर वोट के बदले एक अच्छी सरकार देने का वादा किया होगा। मोदी सरकार ने उन वादों को पूरा किया है। अब उन उपलब्धियों की जानकारी जन.जन तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। सुरेंद्र टिकरिहा ने कहा कार्यकर्ताओं में एकजुटता और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए नए लोगों को पार्टी से जोड़ना ही टिफिन बैठक का उद्देश्य है। टिफिन बैठक का अर्थ सिर्फ टिफिन खाना ही नहीं है। इस बैठक के माध्यम से इस तरह की अनौपचारिक बैठकें करते रहना है। टिफिन बैठक में हमको अपने टिफिन का खाना दूसरे को खिलाना है इससे हम सभी में अधिक एकता का संचार हो और अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पार्टी की ताकत कैसे बढ़ानी है, उस पर भी कार्य करना है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा मोदी सरकार ने प्रत्येक वर्ग के लोगो के लिए कार्य किया है। बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास, सांसकृतिक विरासत का नया युग, अंत्योदय का मूलमंत्र, सशक्त किसान, समृद्ध भारत, नारी तू नारायणी महिला सशक्तिकरण, निरोगी जीवन सबका अधिकार, मध्यम वर्ग का जीवन हुआ आसान।

# कंवलजीत सिंह कोमल ने कांग्रेस की सदस्यता से दिया इस्तीफा, दोनों परिवार के बीच पड़ी दरार पत्र में लिखा आप का पटाखा आपको मुबारक हो विधायक जी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कांग्रेस की राजनीति में कोमल परिवार मजबूत स्तंभ बनकर खड़ा रहता था। लेकिन आज इस कोमल परिवार के अहम सदस्य की कांग्रेस से इस्तीफा देने से दीवार में दरार पड़ गई। बड़े ही सारगर्भित पत्र लिखकर कंवलजीत सिंह कोमल ने विधायक लालजीत सिंह राठिया को अपना इस्तीफा सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व में मेरे पिताजी स्वर्गीय अंगद सिंह कोमल और आपके पिता स्वर्गीय चनेशराम राठिया के साथ बहुत ही घरेलू व भाईचारा था। जो पिता के जाने के बाद मेरे बड़े भैया स्वर्गीय जसवीर सिंह कोमल जो हर दुख सुख में आपके परिवार के साथ खड़े रहे बड़े भैया जो कि 2003 में चाचा स्वर्गीय चनेशराम के साथ उनके हार जाने के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में खड़े रहे। 10 साल जब कोई साथ नहीं था तब भी हमारा कोमल परिवार आपके परिवार के साथ कंधा मिला कर खड़ा रहा फिर 2013 में आपके विधानसभा चुनाव में कड़ी मेहनत



करके आपके साथ विधानसभा तक का रास्ता तय किए। पूरी निष्ठा आपके परिवार के साथ रखी है 2019 में आपने नगर पंचायत में एल्डरमैन बनने का सौभाग्य दिया फिर आपने 3 महीने में ही एल्डरमैन पद से हटा दिया मैं चुप रहा। फिर आप के आदेश से मेरे भतीजे पार्षद गगनदीप सिंह कोमल की वर्तमान परिषद में सबसे शिक्षित होने के साथ-साथ अधिवक्ता भी हैं और नगर को विकास के लिए सदा तत्पर कार्य करता था जिन्हें पीआईसी से आपके आदेश से हटा दिया गया। जिनके पार्षद चुनाव में आपने मतदान का प्रचार में कोई सहायता नहीं दिखाई फिर भी वह हमारी परिवारिक विरासत के बदौलत विपरीत परिस्थितियों में भी चुनाव जीतकर पार्षद के रूप में नियुक्त हुआ। उसे आज बिना अपना पक्ष में सफाई का मौका दिए कांग्रेस पार्टी से निलंबित कर पुरस्कार दिया गया है मैं चुप रहा क्योंकि हम परिवार के पुराने सहयोगी रहे हैं परंतु विधायक जी आप के इशारे पर मेरी दुकान के सामने पार्षद गगनदीप सिंह कोमल के निलंबित होने का जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े गए और हमारे परिवारिक संबंधों पर तमाचा मारा गया। आपके इस कृत्य से चाचा स्वर्गीय चनेशराम, पिता स्वर्गीय अंगद सिंह, बड़े भैया स्वर्गीय जसवीर सिंह की आत्मा को बहुत दुख हुई होगी। इस अपमान को हम कभी भूल नहीं सकते इसलिए कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं । आपके फटाके आपको मुबारक हो विधायक जी। बता दें कि इस समय नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है। कांग्रेस में हर दिन नए-नए समीकरण बन रहे हैं। जिससे लेकर कांग्रेस पार्टी में दो फाड़ हो गई है।

## एक नजर

### पानी निकासी व नाली की समस्याएं कों लेकर ग्राम नेऊर के गैंदराम वर्मा ने शासन-प्रशासन से लगाई गुहार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत नेऊर के मेन रास्ता की हालत पानी की भराव से इतनी गंभीर, जिनके कारण गैदराम वर्मा के घर में पानी भर जाने कारण शासन प्रशासन क्से लगाई गुहार, मगर इस रास्ते पर इस कदर पानी की बौछार और अब बरसात भी आ गया तो बरसात में बारिस होना तय है मगर रोड नाली बनना तय नहीं हो पा रहा लेकिन इनके भुगतान ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा।

### आज खुलेंगे शिक्षा के मंदिर, मनाएंगे प्रवेश उत्सव'

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भीषण गर्मी के कारण छत्तीसगढ़ में 10 दिन की छुट्टी बढ़ा दी गयी थी। पहले 16 जून को स्कूल खोला जाना था, लेकिन अब उसमे 10 दिन की बढ़ोत्तरी के साथ स्कूल अब 26 जून को खुल रहे हैं। इधर 16 जून को मनाया जाने वाला शाला प्रवेशोत्सव भी अब 26 जून को आयोजित किया जायेगा। इस संदर्भ में समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ ने आदेश जारी कर दिया है। प्रवेशोत्सव को लेकर पूर्व में जारी निर्देश ही यथावत रहेंगे। विकासखंड धरमजयगढ़ में भी प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हो चुकी है। जिसमें शाला उत्सव एवं शिक्षा सत्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई है।




### ग्राम पंचाय मख्नपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर में शासकीय नल व बोर अवैध कब्जा

ग्रामीणों ने पानी की समस्याएं से जूझ रही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत मख्नपुर के आश्रित ग्राम गोपालपुर में ग्रामीणों ने पानी की समस्याएं से जूझ रही है जिनमें गांव के ही कुछ लोगों द्वारा 3 शासकीय नल व बोर कों अपने कब्जे में रखकर पर्सनल यूज कर रहे हैं, जिनके चलते शासन-प्रशासन का लाभ गांव के ग्रामीणों कों नहीं मिल पा रही है। और कब्जाधारी ने अपने हौसला बुलंद कर अपने मनमर्जी का खुलेआम राज चला रहे हैं, जिनके चलते गांव के ग्रामीणों व जीव जन्तु कों पानी की समस्याओं से दर दर भटकना पड़ रहा है।

# शाला प्रवेश पूर्व तैयारी हेतु संकुल स्तरीय बैठक संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

24 जून 2023 को संकुल केंद्र हाटी में संकुल प्राचार्य एसआर सिदार एवं रवि पटेल संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा संकुल के समस्त शिक्षकों की बैठक ली गई। जिसमें शाला संचालन की पूर्व तैयारी, प्रवेशोत्सव वार्षिक कार्य योजना ए पौष्टिक मध्याह भोजन सुव्यवस्थित संचालन, शाला प्रबंध समिति की त्रैमासिक बैठक, जाति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री जतन योजना में बन रहे, निर्माण कार्य की स्थिति, समस्त शिक्षकों का समय पर शाला में उपस्थिति एवं अध्यापन एनियमित दैनंदिनी लिखना, बच्चों को एफएलएन के तहत प्रारम्भिक भाषायी एवं गणितीय दक्षता, बच्चों को शत-प्रतिशत उपस्थिति, बालवाड़ी, शाला परिसर की साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संकुल के समस्त प्रधान पाठक शिक्षक गण एवं शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठिया सदस्य सुरेश साहू एमानिक दास महंत उपस्थित थे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी के इस्तीफा से विधायक के कार्य में प्रश्नचिन्ह - गोकुल नारायण यादव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भारतीय जनता पार्टी मंडल धरमजयगढ़ अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का वर्षों से वफादारी के साथ रिश्ते निभाने वाले लोग भी अब कांग्रेस से रूष्ट हो रहें हैं। बड़े-बड़े वफादार कांग्रेसी नेताओं ने अपना इस्तिफा दे कर भाजपा पार्टी में शामिल हो कर आजादी की सांस ले रहे हैं। जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया, हेमंत विश्वा जैसे लोग प्रमुख हैं। इक्कसवीं सदी में भी एक ही परिवार की कोई कितनी चाटुकारिता और गुलामी कर सकता है, कांग्रेस वास्तव में पार्टी आधारित राजनीति नहीं करती है, यह परिवार आधारित पार्टी है, एक परिवार जो फरमान जारी कर देता है उसे ही कांग्रेस पार्टी मानने मजबूर हो जाती है। चाहे वह सही हो या गलत, वह हमेशा अंग्रेजों की सिद्धांत पर चलती है फूट डालो और राज करो की नीति अपनाती है, कभी हिंदू को हिंदू से लड़ाती है तो कभी हिंदू को अन्य मजहबों के साथ लड़ाती है। एक वर्ग विशेष को खुश करके दूसरे वर्ग विशेष की घोर उपेक्षा करती है ताकि दोनों



वर्गों में टकराहट बनी रहे, जबकि भारतीय जनता पार्टी का नारा है सबका साथ सबका विकास, जैसे मकान देगी तो सभी वर्गों को देगी, गैस सिलेंडर, राशन जो भी देगी सभी वर्गों को देगी। इसलिए कांग्रेस सिर्फ एक ही परिवार के आदेश से चलने वाली पार्टी है ऐसा नहीं की कांग्रेस में अच्छे लोग नहीं हैं, कांग्रेस में भी बहुत अच्छे-अच्छे लोग हैं पर उनकी मजबूरी है कि ओ लोग एक परिवार का विरोध नहीं कर सकते हैं, इसी तरह अभी विधानसभा धरमजयगढ़ में भी एक परिवार पर आरोप लगाकर उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जबकि ओ लोग कांग्रेस के वफादार लोग थे अभी से नहीं बल्कि बाप दादाओं के जमाने से कांग्रेस पार्टी को जिताने में अहम भूमिका निभाते रहे। जहां कांग्रेस पार्टी ने दो वफादार कांग्रेसी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया वहीं लोकप्रिय मिलनसार प्रतिष्ठित वफादार व्यवसायी कांग्रेसी नेता कमलजीत सिंह कोमल ने क्षुब्ध होकर कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। इनके पार्टी छोड़ने से पता चलता है कि कांग्रेस में न्याय संगत तरिके से कार्य नहीं होता है। जो 50 सालों से वफादारी निभा रहे हैं उनकी छोटी सी गलती पर समझाईस देकर उन्हें मनाया भी जा सकता था, जिस गलती के लिए उन्हें पार्टी से निकाला गया है वह प्रतयेक्ष रूप से स्पष्ट भी नहीं है गलती हुई है या नहीं कांग्रेस पार्टी किसी न्याय संगत तरिके से काम नहीं करती है। वह हमेशा अंग्रेजों की सिद्धांत पर और एक परिवार की फरमान पर चलने वाली पार्टी है, एक समय सभी लोग के बाप दादा कांग्रेसी ही हुआ करते थे और देश में कांग्रेस पार्टी ही राज्य और केंद्र में शासन करती थी, पर धीरे-धीरे लोग कांग्रेस की एक परिवार की गुलामी करने से अपने स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं करना चाहते हैं, आज कांग्रेस पार्टी सभी राज्यों और केंद्र में अपना विश्वास खोती जा रही है, और वही भारतीय जनता पार्टी अपना जनाधार बढ़ाते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भारतीय जनता पार्टी में सभी की इज्जत मान सम्मान है यहां एक परिवार की नहीं बल्कि संगठन के हिसाब से पार्टी चलती है।

# एसडीएम कार्यालय में घूस नहीं दी तो एनएच का मुआवजा 21 लाख की जगह 2 लाख 99 हजार बना दिया, हाई कोर्ट जाने पर मिला 21 लाख

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिले में बन रही एनएच कोरबा चंपा मार्ग के प्रभावित लोगों के साथ प्रशासन के अधिकारी एनएच के अधिकारी और एनएच के ठेकेदार मिलकर अन्याय और उनका शोषण कर रहे हैं, इसी तारतम्य में 23 जून को विधायक ननकीराम की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम कर दिया गया ग्राम पताढी निवासी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि बन रहे एनएच मार्ग में खसरा नंबर 944/25 मे



कुल रकबा 0.25 एकड़ भूमि स्थित है उस भूमि पर मेरा डबल मंजिल का मकान बना हुआ है जिसका मुआवजा 21 लाख बनाया गया था लेकिन एसडीएम कार्यालय में इसके एवज में पैसों की मांग की गई मेरे द्वारा नहीं देने पर मेरा मुआवजा घटाकर 2 लाख 99 हजार बना दिया गया जिसका मैंने विरोध किया और प्रशासन के इस निर्णय से दुखी होकर माननीय हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां से मुझे न्याय मिला और पूर्व में निर्धारित 21 लाख रुपए देने के निर्देश हाई कोर्ट द्वारा दिए गए जिसके बाद 15 जून 2023 को मुझे 21 लाख रुपए मुआवजा मिला, अब वर्षा ऋतु में मकान तुरंत खाली करने के लिए दबाव दिया जा रहा है हम इस मौसम में जाएं तो जाएं कहां।

# पहली बरसात में ही टापू बना हाथीगाड़ा गांव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भीषण गर्मी के बाद अब बारिश शुरू हुई है और पहली बारिश ही झमाझम बरस गया। बारिश से जनजीवन को गर्मी से मुक्ति मिल गई। लेकिन हाथीगाढ़ा के निवासियों के लिए मुसीबत बन गया। पहली बारिश में ही बायसी कालोनी पंचायत का आश्रित गांव हाथीगाड़ा टापू बन गया है। इस गांव में चार पहिया तो जाना दूर पैदल चलना मुश्किल होने लगा है। पहली बारिश में जब इस तरह का हाल है तो आगे क्या होगा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात से कई महीने पहले ही सरकारी



अमलों को जानकारी दी गई थी। लेकिन इस मार्ग का सुधार नहीं किया गया। जिससे अब ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जिसे लेकर अब ग्रामीण आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से बाईक सवार पर टूटकर गिरा 11 केव्ही का तार

## हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से बाइक सवार की जलकर हुई दर्दनाक मौत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। जहां करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेन्द्रीपाली में दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें एक बाईक चालक की मौत हो गयी है। मामला करतला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक नोनबिर्रा से लगे सेन्द्रीपाली में आज सुबह ग्राम के ही एक व्यक्ति ताराचंद अग्रवाल पूजा के लिए फूल तोड़ने के कार्य से निकला था लौटते वक्त अचानक उसके ऊपर 11I केव्ही लाईन संचालित होने वाली तार टूट कर गिर गई। तार उसके बाईक में गिरी। जमीन गीली थी जिससे करंट का प्रवाह जमीन के साथ उसके बाईक और शरीर पर हो गया जिससे बाईक जलने लगी और हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से उस व्यक्ति की मौके पर



ही जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नही पहुंची थी। इस घटना से ग्रामीणों मे विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कई बार तार के लटके होने की सूचना विभाग को दी गई थी लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया और अंततः एक व्यक्ति की जान चली गई, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए ।

# एसईसीएल बरौद साइडिंग से पहली रैक का किया गया रवाना

## चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।







## बरौद साइडिंग आरंभ होने से रोजना लाखों टन कोयला का होगा उत्पादन

एसईसीएल बरौद खुली खदान साइडिंग से मालगाड़ी की पहली रैक किया गया रवाना इस अवसर पर आनलाइन वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया के अध्यक्ष सह निदेशक प्रमोद अग्रवाल आईएएस एवं कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे निदेशक माइनिंग डारेक्टर डॉ. प्रेम सागर मिश्रा आईएएस ने हरी झंडी दिखाकर मालगाड़ी को रवाना किया इस कार्यक्रम में जनरल मैनेजर कार्यक्रम एसपी अहमद क्षेत्रीय सब एरिया बरौद जामपाली बिजारी गारे पेलमा क्षेत्र के विभागाध्यक्ष एवं मैनेजर सिक्योरिटी प्रभारी व सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे, बरौद साइडिंग से पहली खेप महाजेंगो नागपुर के लिए कोयला परिवहन किया गया जिसको पुरी विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सब एरिया मैनेजर भंवर सिंह द्वारा किया गया, कोल इंडिया लिमिटेड भारत सरकार का बहुआयामी परियोजना घरघोड़ा रेल कारोडोर के तहत बरौद खदान से रोजना 1 लाखों टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य रखा है, आने वाले समय में बरौद जामपाली बिजारी से कोयला उत्खनन कर बरौद साइडिंग में डंप किया जायेगा जिससे प्रति दिन लाखों टन कोयला मालगाड़ी से अपने गंतव्य की ओर रवाना होगी वर्तमान पावर प्लांट में कोयले की खपत अधिक है जिसको एसईसीएल द्वारा मुख्य रूप से पूरा किया जा रहा है सबसे पुराने खदानों में से एक बरौद खदान से सबसे अधिक कोयला उत्पादन किया जा रहा है इस कारण रेलवे साइडिंग के रूप में रेलवे कारिडोर में इसको सम्मलित किया गया है, आज से विधिवत रूप से रेलवे साइडिंग के माध्यम से मालगाड़ी से रोजना लाखों टन कोयला उत्पादन किया जायेगा, बरौद सब एरिया मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय कोयले की मांग पावर प्लांटों में अधिक है जिसके लिए एस ई सी एल अपने क्षमता अनुरूप कोयला की मांग पूरा करने के लिए कटिबद्ध है बरौद साइडिंग आरंभ होने से कोयला आपूर्ति अधिक होगी मिनी रत्न कंपनी एस ई सी एल द्वारा कोयले की मांग को पूरा किया जा रहा है हर वर्ष हम अपने लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन करने में सफलता हासिल कर रहे हैं जैसे जैसे व्यवस्था में सुधार होगा हम अधिक परिणाम की ओर अग्रसर होंगे, बरौद साइडिंग आरंभ हो गया है अभी यह सिर्फ प्रारंभिक चरण है इससे इस क्षेत्र का विकास होगा रोजगार श्रीजन होंगे नये अवसर मिलेगा हम आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनमानस पत्रकार साथियों का सभी विभाग के कर्मचारियों का धन्यवाद देते हैं जो आज कार्यक्रम के साक्षी बने हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in